# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025





# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

भाई मती दास जी,
भाई सती दास जी,
भाई दयाला जी



### श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

**25 नवंबर, 2025**

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

### श्री अमृतसर साहिब अंदरून सिटी, तलवंडी साबो और श्री आनंदपुर साहिब को पवित्र शहर का दर्जा दिया गया

### शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम और पहलकदमियां

- पंजाब सरकार द्वारा नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित विभिन्न राज्यों में कार्यक्रम आयोजित किए गए
- कार्यक्रमों की शुरुआत गुरुद्वारा श्री शीश गंज साहिब, नई दिल्ली से की गई
- गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के चरण-स्पर्श प्राप्त 142 गाँवों और शहरों के विकास के लिए 71 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। प्रत्येक गाँव और शहर को 50 लाख रुपये दिए गए

  1 नवंबर से पंजाब के सभी ज़िलों में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए गए, जो अब श्री आनंदपुर साहिब में करवाए जा रहे हैं, जिनमें श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के महान जीवन और दर्शन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया
- गुरु साहिब जी के चरण-स्पर्श प्राप्त नगरों और शहरों में कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए
- 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में कीर्तन दरबार आयोजित किया गया। 19 नवंबर को श्रीनगर से नगर कीर्तन सजाया गया। 20 नवंबर को तलवंडी साबो, फ़रीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन सजाये गये। ये चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम और 23 नवंबर को अमृत वेले के समय श्री आनंदपुर साहिब पहुँचकर सम्पन्न हुए।
- श्री आनंदपुर साहिब में बड़ी संख्या में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी बना ई गई, जिसका नाम 'चक्क नानकी' रखा गया है
- इस पवित्र नगरी में सर्व-धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया
- गुरु साहिब के जीवन और दर्शन को दर्शाती प्रदर्शनी और ड्रोन शो आयोजित किए गए
- कीर्तन दरबार, कथा, गत्तका और गाइडेड टूर का आयोजन किया गया

**आइए, श्री आनंदपुर साहिब में नतमस्तक हों**

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब**


जीवेत शरदः शतम्
ऊर्जावान, निपूर्ण संगठनकर्ता, जनहितैषी जननायक,
सरल व्यक्तित्व, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत,
छत्तीसगढ़ के यशस्वी उपमुख्यमंत्री
माननीय अरूण साव जी
को जन्मदिन
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चंदन अग्रवाल
प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
विनीत: प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


भीतर भी देखें






जन्म
8 दिसंबर 1935

निधन
24 नवंबर 2025

- धर्मेंद्र ने 89 की उम्र में ली आखिरी सांस
- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, शाह, राहुल समेत दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि
- बॉलीवुड, खेल जगत के अलावा देशभर ने जताया शोक


## धर्मेंद्र पंचतत्व में विलीन, अलविदा कहने पहुंचा पूरा बॉलीवुड

# शांत हुए बॉलीवुड के 'शोले'!

*बॉलीवुड के ही-मैन कहे जाने वाले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 'सत्यकाम' से लेकर 'शोले' तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करके मनोरंजन जगत में एक अलग मुकाम हासिल किया। वह 89 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ, जिसमें अमिताभ बच्चन, आमिर खान, सलमान खान, संजय दत्त समेत कई सेलेब्स पहुंचे।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

धर्मेंद्र पिछले कुछ वक्त से बीमार थे और मुंबई के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। परिवार ने इस महीने की शुरुआत में घर पर ही उनका इलाज जारी रखने का निर्णय लिया था। वह आठ दिसंबर को 90 वर्ष के हो जाते। उनका फिल्मी करियर 65 वर्षों का रहा। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि धर्मेंद्र का आज सुबह निधन हो गया और मुंबई के विले पार्ले उपनगर स्थित पवन हंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। धर्मेंद्र के जुहू स्थित आवास से एक एंबुलेंस और कई कार रवाना हुईं तथा हेमा मालिनी, एशा देओल, आमिर खान, अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन को श्मशान घाट पर देखा गया। अक्षय कुमार, अजय देवगन और करण जौहर समेत कई मशहूर फिल्मी हस्तियों ने सोमवार को धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी और उन्हें भारतीय सिनेमा का एक ▶▶| शेष पेज 6 पर



### लंबे समय से बीमार थे धर्मेंद्र

*8 दिसंबर 1935 को जन्मे धर्मेंद्र कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। कई दिनों तक अस्पताल में इलाज चला। इसके बाद उनका इलाज घर पर ही किया जाने लगा। लेकिन वक्त के साथ तबीयत नहीं सुधरी और आज सोमवार यानी 24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का निधन हो गया।*

### धरम सिंह देओल असली नाम

*पंजाब में 1935 में जन्मे धर्मेंद्र का असली नाम धरम सिंह देओल था और उनका फिल्मी करियर छह दशक से ज्यादा का रहा, जिसमें उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया। उन्होंने शोले, चुपके-चुपके, सत्यकाम, अनुपमा, सीता और गीता जैसी कई हिट फ़िल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभाईं। धर्मेंद्र के परिवार में उनकी पत्नी प्रकाश कौर, हेमा मालिनी, बेटे सनी और बॉबी देओल तथा बेटियां विजेता, अजीता, एशा और अहाना हैं।*

### आखिरी फिल्म होगी 'इक्कीस'

89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र एक्टिंग में सक्रिय थे। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की आगामी फिल्म 'इक्कीस' इस दिग्गज अभिनेता की आखिरी फिल्म होगी। फिल्म 'इक्कीस' की कहानी एक यंग आर्मी ऑफिसर अरुण खेतरपाल की है। महज 21 साल की उम्र में देश के लिए इस सैन्य अधिकारी ने बलिदान दिया था। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र ने आर्मी ऑफिसर के पिता का किरदार निभाया। वहीं अरुण खेतरपाल के रोल में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

### भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी क्षति : मुर्मु



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके निधन पर दुख जताते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, दिग्गज अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है।*

### अपूरणीय क्षति : राधाकृष्णन



*उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पूर्व सांसद एवं दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लाखों लोगों के लिए एक आदर्श के रूप में उन्होंने अपने उल्लेखनीय अभिनय और कला के प्रति दृढ़ समर्पण के माध्यम से भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया।*

### भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत : मोदी



*प्रधानमंत्री मोदी ने धर्मेंद्र को एक प्रतिष्ठित फिल्मी शख्सियत और एक अद्भुत अभिनेता के रूप में याद करते हुए कहा कि उनके निधन से भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत हो गया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है।*

### सदैव हमारे बीच रहेंगे : शाह



*गृह मंत्री शाह ने कहा कि धर्मेंद्र ने अपनी फिल्मों के माध्यम से करोड़ों लोगों का दिल जीता तथा अपने अभिनय की बदौलत सदैव हमारे बीच रहेंगे। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अपने बेहतरीन अभिनय से छह दशकों तक हर देशवासी के दिल को छूने वाले धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।*

---

## नक्सलियों के एमएमसी जोन ने आत्मसमर्पण का किया ऐलान, तीनों सीएम को पत्र लिखा

# एमपी, सीजी और महाराष्ट्र के नक्सली सरेंडर को तैयार, मांगा 15 फरवरी तक का वक्त

नक्सलियों की केंद्रीय समिति सदस्यों के समर्पण व मुठभेड़ में लगातार मारे जाने के बाद नक्सल घुटनों पर आ गए हैं। नक्सलियों के एमएमसी जोन महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत ने प्रेसनोट जारी कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से निवेदन करते हुए लिखा है कि 15 फरवरी 2026 तक का समय देते हुए युद्धविराम करें।

- पीएलजीए सप्ताह नहीं मनाने का किया ऐलान, कार्रवाई न करने की गुहार लगाई
- बस्तर आईजी ने कहा जब समर्पण करना ही है तो वक्त क्यों मांगना, तत्काल करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

एमएमसी जोन ने स्पष्ट किया कि हमारा कुछ भी छुपा हुआ उद्देश्य नहीं है। समय मांगने की वजह एक दूसरे से तत्काल कम्यूनिकेट करने का है। प्रवक्ता अनंत ने कहा कि यह समय थोड़ा अधिक है किन्तु सरकार ने माओवाद समाप्त करने की डेड लाइन 31 मार्च 2026 तक की है। हम तीनों राज्य के सरकारों से अनुरोध करते हैं कि संयम बरतें और सुरक्षाबलों के अभियान को रोकें।

गौरतलब है कि हाल ही में आंध्रप्रदेश में सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन के दौरान ▶▶| शेष पेज 6 पर

### समर्पण के लिए तीन माह का इंतजार क्यों

नक्सलियों द्वारा समर्पण के लिए तीन माह का समय मांगे जाने संबंधी बयान पर बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. का कहना है कि अगर नक्सलियों को समर्पण ही करना है तो इतने लंबे वक्त का इंतजार क्यों होना चाहिए। अगर नक्सली समर्पण के लिए आते हैं तो ▶▶| शेष पेज 6 पर



### हिड़मा के करीबी 15 नक्सलियों का समर्पण

*जगदलपुर। आंध्रप्रदेश में हिड़मा के मारे जाने के बाद अब उसके करीबियों ने भी हथियार छोड़ मुख्यधारा में शामिल होना शुरू कर चुके है। सोमवार को सुकमा एसपी किरण चव्हाण व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 15 नक्सलियों ने समर्पण किया है। समर्पित नक्सलियों में पीएलजीए बटालियन कम्पनी नम्बर एक, प्लाटून नम्बर दो व सेक्शन बी के कमाण्डर व मेंबर शामिल है जिन पर 48 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। समर्पित नक्सलियों में 8-8 लाख के ईनामी 4 पीपीसीएम, 5-5 लाख के ईनामी 2 एसीएम, 3 पार्टी सदस्य पर 5 लाख का ईनाम तथा 8 अग्र संगठन में सक्रिय सदस्य शामिल है। आत्मसमर्पित माओवादियों में 5 महिला समेत 15 पुरूष माओवादी शामिल है।* ▶▶| शेष पेज 6 पर

# 2,892 इंजन पर 'कवच'

**नई दिल्ली।** स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच 4.0' सितंबर 2025 तक 654 किलोमीटर रेलमार्ग पर काम करने लगी है। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी आरटीआई के तहत किए गए आवेदन के जवाब में दी है। मंत्रालय ने बताया कि कवच प्रणाली 155 रेलवे स्टेशन और 2,892 इंजन पर स्थापित की गई है। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि देश भर के सभी 18 रेलवे जोन में व्यापक कार्य चल रहा है तथा बहुत जल्द ही और अधिक क्षेत्रों में इस प्रणाली को स्थापित करने का काम शुरू हो जाएगा। 'कवच' लोको पायलट को निर्धारित गति सीमा के भीतर ट्रेन चलाने में मदद करता है, यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो यह स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देता है।

### क्या है कवच

*कवच एक जटिल प्रणाली है जिसमें कई घटक होते हैं, जैसे लोको कवच, स्टेशन कवच, दूरसंचार टावर, ट्रैक की पूरी लंबाई में आरएफआईडी टैग आदि। मंत्रालय ने कहा, 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 2,892 इंजन को कवच प्रणाली से सुसज्जित किया जा चुका है।*






## दिल्ली में वायु प्रदूषण के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

# राष्ट्रीय राजधानी में हिड़मा के समर्थन में नारे, पुलिस कर्मियों पर 'पेपर स्प्रे'




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुठभेड़ में मारे गए शीर्ष माओवादी नेता माडवी हिडमा के समर्थन में पोस्टर और नारे दिल्ली के इंडिया गेट पर राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ते वायु प्रदूषण के खिलाफ हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान नजर आए। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने 'माडवी हिडमा अमर रहें' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के हिंसक होने से कुछ मिनट पहले, एक व्यक्ति को एक पोस्टर पकड़े हुए देखा जा सकता है, जिस पर लिखा था : 'बिरसा मुंडा से लेकर माडवी हिडमा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा।


दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर इंडिया गेट पर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क अवरुद्ध करने के अलावा उसके कर्मियों के काम में बाधा ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पहचान के बाद कार्रवाई

दिल्ली पुलिस ने माओवादी नारे लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। माओवादी नेता माडवी हिडमा के समर्थन में कथित तौर पर नारेबाजी किये जाने के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की सभी कोण से जांच कर रही है। पुलिस ने कहा, इंडिया गेट पर ऐसे नारे लगाने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हम उनके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे।







## चिंतन

# महिलाओं ने तीन विश्व कप जीतकर लिखा नया अध्याय

आज हम 21वीं सदी में है। कभी वो समय था, जब महिलाओं को केवल घर की चारदीवारी तक ही सिमित रखा जाता था। यहां तक की अनेक देशों में तो उन्हें वोट देने तक का अधिकार नहीं था, लेकिन आधुनिक युग में महिलाएं कहीं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। वे जितने अच्छे से घर, परिवार और माता -पिता को संभालती हैं, उतने ही अच्छे से हवाई जहाज भी उड़ा रही हैं। बड़ी कंपनी में भी दायित्व निभा रही हैं। यहां तक कि देश की रक्षा में भी उनका अहम योगदान है। उन्होंने अपनी योग्यता का चौतरफा लोहा मनवा लिया है। चांद पर जाने वाली भी महिला है और घर संभालने वाली भी। इसी कड़ी में क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद देश को महिलाओं ने एक बार फिर गर्व का मौका दिया है। अब उन्होंने कबड्डी में दुनियाभर में धाक जमाते हुए वर्ल्ड कप जीत लिया है। बांग्लादेश के ढाका में 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला काफी जोरदार रहा, जिसमें चीनी ताइपे ने शुरुआती दौर में भारत के डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने अनुशासित टैकल और सही समय पर किए गए हमलों के जरिए धीरे-धीरे नियंत्रण हासिल किया और मैच के निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखा और कप अपने नाम कर लिया। भारत की बेटियां अपने दम पर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर इन बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद अब भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है। हमारी सोच चाहे कैसी भी रही हो, सच तो यही है कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर या उनसे आगे हैं, भले ही उन्हें विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़े। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और बुद्धिमत्ता से पुरुषों को मात दे रही हैं। इतना सब होने के बावजूद आज भी हमारे समाज में दहेज के लिए हत्या, यौन शोषण, कन्या भ्रूण हत्या व महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुरीतियां भी हैं। जिन पर पार पाना अभी शेष है। ऐसे लोग भी हैं जो इतना सब होने के बाद भी महिलाओं को दोयम दर्जे का समझते हैं और उन्हें किसी तरह के अधिकार देने को तैयार नहीं। अगर हम ऐसी मानसिकता से निपटने में कामयाब रहे तो तय है कि ये आधी आबादी न केवल देश को ज्यादा गौरवान्वित करेगी बल्कि विकास की रफ्तार भी तेज होगी।



स्मृति
विवेक शुक्ला

# क्यों राजनीति के पर्दे पर हीरो नहीं बन सका हीमैन

धर्मेंद्र लगभग छह दशकों तक बॉलीवुड के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर रहे। उन्होंने शोले, सत्यकाम, चुपके-चुपके, फूल और पत्थर, बंदिनी जैसी अनेक फिल्मों में यादगार किरदार निभाए। पर सियासत की दुनिया में उनका सफर छोटा और किसी भी रूप से यादगार नहीं रहा। धर्मेंद्र 2004 का लोकसभा चुनाव राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लड़े और आराम से जीत गए। जिस शख्स ने कभी सियासत की बात तक नहीं की, जो इंटरव्यू में भी कहता था कि "मुझे तो बस फिल्में बनानी और करना पसंद है", वही शख्स संसद पहुंच गया। जीत भी बड़ी शानदार मिली- करीब 60 हजार वोटों से। मगर, उन्होंने फिर कभी चुनाव नहीं लड़ा। राजनीति का उनका सफर यहीं खत्म हो गया। दरअसल 2004 के लोकसभा चुनाव के वक्त राजस्थान में बीजेपी की लहर थी। वाजपेयी सरकार के अंतिम वर्ष थे। बीकानेर सीट पर पार्टी को एक ऐसा चेहरा चाहिए था जो जाट बहुल इलाके में पकड़ रखता हो और जिसकी लोकप्रियता से कांग्रेस का पुराना किला ढह जाए। जाट समुदाय में धर्मेंद्र का जबरदस्त प्रभाव था। उनकी फिल्में गांव-गांव में हिट होती थीं। "शोले" का वीरू, "चुपके चुपके" का डॉ. परिमल, "यमला पगला दीवाना" का देसी जवान - ये किरदार राजस्थान के गांवों में आज भी जिंदा हैं। बीजेपी को लगा कि अगर धर्मेंद्र मैदान में उतर आए तो जीत पक्की।

खुद धर्मेंद्र ने कई इंटरव्यू में बताया कि उनके बहुत करीबी दोस्त, बीजेपी के तत्कालीन नेता और राजस्थान के बड़े नेता (नाम उन्होंने कभी सार्वजनिक नहीं किया) बार-बार आग्रह करते रहे। धरम जी, बस एक बार आ जाओ, इलाके के लिए बहुत कुछ कर सकते हो।" पहले तो उन्होंने साफ मना कर दिया। कहा, मैं तो फिल्मों का आदमी हूं, मुझे ये सब नहीं आता। मगर दोस्तों ने जिद पकड़ ली। अंत में धर्मेंद्र मान गए। शर्त सिर्फ एक थी – ज्यादा प्रचार नहीं करना, न ज्यादा भाषण देने। धर्मेंद्र का चुनाव प्रचार देखने लायक था। जहां दूसरे नेता सुबह से रात तक गांव-गांव गली-गली चिल्लाते थे, वहां धर्मेंद्र बस दो-तीन बड़ी सभाएं करते और लौट आते। कभी जीप पर खड़े होकर हाथ हिलाते, कभी मंच पर बैठकर मुस्कुराते। भाषण? वो भी दो-चार लाइन का। "भाइयो-बहनो, मैं आपका अपना हूं। आपने मुझे फिल्मों में इतना प्यार दिया, अब एक बार संसद में भेज दो।" बस। लोगों को भाषण नहीं, उनका चेहरा चाहिए था। उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर लाल दूदी को भारी मतों से हराया। जीत के बाद दिल्ली आकर संसद भवन में पहुंचे तो मीडिया वाले टूट पड़े। पूछा गया, "अब राजनीति में पूरी तरह आ गए न? धर्मेंद्र ने अपना पुराना अंदाज दिखाया, "अरे भाई, मैं तो बस बीकानेर की सेवा करने आया हूं। बाकी फिल्में भी चलती रहेंगी।" एक बार तो सदन में हंसी का माहौल बन गया जब स्पीकर ने उनका नाम पुकारा और धर्मेंद्र जी उठे नहीं। बाद में पता चला कि वो शूटिंग के लिए मुंबई चले गए थे। विपक्ष ने खूब चुटकी ली, लेकिन जनता को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। बीकानेर में लोग कहते थे, "हमारे सांसद तो हीमैन हैं, बोलना क्या जरूरी है?" धर्मेंद्र के पारिवारिक मित्र और वास्तु और ज्योतिष शास्त्र पर कई किताबों के लेखक डॉ. जे.पी. शर्मा लाल धागे वाले कहते हैं कि धरम जी के स्वभाव में राजनीति नहीं थी।

दूसरी बात, वो मुंबई से दूर नहीं रह सकते थे। मुंबई में उनका फार्म हाउस था, मुंबई में परिवार, फिल्में। सांसद बनने के बाद भी वो ज्यादातर समय मुंबई और अपने गांव में ही रहे। बीकानेर भी कम ही गए। स्थानीय कार्यकर्ता शिकायत करते थे कि "धरम जी आते ही नहीं।" लेकिन जनता फिर भी नाराज नहीं हुई क्योंकि उसने उन्हें "अपना" मान लिया था।

कहते हैं कि 2009 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने उन्हें फिर टिकट देने की पेशकश की। धर्मेंद्र ने साफ मना कर दिया। कहा, "बस एक बार काफी है। अब मैं अपने खेतों में, अपने घोड़ों में, अपनी फिल्मों में खुश हूं।"

धर्मेंद्र ने 2009 के बाद कभी राजनीति की तरफ मुड़कर नहीं देखा। न कोई बयान, न कोई रैली, न कोई पार्टी मीटिंग। वो वापस अपने पहले प्यार - फिल्मों और फार्मिंग में लौट गए। "यमला पगला दीवाना" सीरीज बनाई, बेटों सनी और बॉबी के साथ काम किया। जब कोई उनसे राजनीति की बात करता है तो वो हंसकर टाल देते हैं - "अरे छोड़ो यार, वो तो बस एक्टिंग का ही एक रोल था, वो भी खत्म हो गया। अब तो असली जिंदगी जी रहा हूं।"

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अमृतकाल
नरेंद्र सिंह तोमर

संविधान हमारे लिए सिर्फ पुस्तक नहीं है, यह जन-जन की आशाओं का प्रतिबिंब है। 7 जून 2024 को नरेंद्र मोदी जी ने मोदी-3 सरकार की शुरुआत करते हुए संसद के सेंट्रल हॉल में संविधान की पवित्र पुस्तक को माथे से लगाकर नमन किया था। यही दृश्य पांच साल पहले मोदी-2 के समय भी दृष्टिगत हुआ था। नरेंद्र मोदी जी की भारतीय संविधान में आस्था न केवल इन दृश्यों से अपितु उनके हर निर्णय से स्वतः परिलक्षित हो रही है।

# लोकतंत्र की गीता हमारा संविधान

20वीं सदी के पूर्वार्ध अर्थात 1900 से 1950 के बीच पूरी दुनिया में लगभग 150 देश स्वतंत्र हुए। इनमें से अधिकांश ने औपनिवेशिक गुलामी की जंजीरें तोड़ने के बाद आजादी की हवा में सांसे लीं। भारत भी लगभग 200 वर्ष की अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्र हुआ। यदि समकालीन स्वतंत्र सभी देशों में हम आज की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करें तो पाते हैं कि भारत अन्य देशों की तुलना में सबसे अधिक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण राष्ट्र के रूप में विकसित हुआ है। इसके पीछे निहित है हमारे सशक्त संविधान की ताकत। संविधान निर्माताओं ने संविधान की रचना में भारतीय जीवन मूल्यों, आधुनिक शासन, भविष्य की आशाओं की पूर्ति का लक्ष्य और नागरिक केंद्रित शासन व्यवस्था को इतनी कुशलता के साथ समावेशित किया कि साल दर साल यह लोकतंत्र की जड़े मजबूत करता ही चला गया।

26 नवंबर 2025 को हम 76वां संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। एक वर्ष पूर्व हमारे संविधान का अमृतकाल वर्ष प्रारंभ हुआ था। संपूर्ण वर्ष हमने संविधान के सम्मान में 'संविधान गौरव अभियान' मनाया और संविधान निर्माताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता को ज्ञापित किया। हमारे लिए संविधान दिवस की तिथि न केवल एक औपचारिक स्मृति है, बल्कि उन मूल्यों, आदर्शों और संकल्पों का वार्षिक पुनर्मूल्यांकन भी है जो हमारे लोकतंत्र की नींव है। संविधान ने भारत को एक आधुनिक, समतामूलक, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया और नागरिकों को अधिकार, अवसर और गरिमा की सुरक्षा सुनिश्चित की।

स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद, एक विकसित, समावेशी और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण के लिए एक दूरदर्शी एवं सक्षम संविधान की आवश्यकता थी। संविधान सभा के सदस्यों ने गहन विमर्श, विविध दृष्टिकोणों और भारत की बहुलतावादी परंपरा को समाहित करते हुए ऐसा दस्तावेज तैयार किया जो आज भी विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में अग्रणी है। आज राष्ट्र कृतज्ञ है संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी, और संविधान के मुख्य वास्तुकार संविधान प्रारूपण समिति के डॉ. बी.आर. अंबेडकर एवं अन्य सदस्यगणों का, जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता, राष्ट्र के प्रति निष्ठा और जन कल्याण की भावना से एक ऐसा ग्रंथ तैयार किया जिसे हम भारतीय लोकतंत्र की गीता भी कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

हमारे संविधान की विशेषता यह है कि यह परिवर्तनशील समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित होने की क्षमता रखता है। यही कारण है कि पिछले सात दशक में संविधान ने अपने मूलभूत सिद्धांतों को अक्षुण्ण रखते हुए समाज, प्रशासन और न्याय व्यवस्था में समयानुकूल परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। हमारा संविधान जन-जन की भावनाओं, आकांक्षाओं का प्रतीक है। संविधान ने राष्ट्र को राह दिखाई है और समय-समय पर स्वयं में संशोधन करके लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त भी किया है।

संविधान का केंद्रीय बल नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। इन मूल्यों के साथ प्रत्येक भारतीय नागरिक को न केवल अपने अधिकारों का उपभोग करना है,




बल्कि अपने कर्तव्यों का भी पालन करना है—क्योंकि मजबूत राष्ट्र नागरिकों की जिम्मेदारियों से बनता है। संविधान के मूलभूत कर्तव्यों की प्रासंगिकता आज और अधिक बढ़ गई है, जब देश अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में सरकार ने संविधान में पूर्ण निष्ठा के साथ जन कल्याण की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया है। यह दशक संविधान के लोकहित में सशक्त होने का समय था।

संविधान में अब तक 106 संशोधन हो चुके हैं। सबसे हाल में हुआ 106 वां संशोधन इस देश की आधी आबादी अर्थात नारी शक्ति के सशक्तिकरण को समर्पित है। दशकों से लंबित महिलाओं के हक की एक मांग को नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के माध्यम से साकार किया है। लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण भारत में महिला नेतृत्व को एक नया आयाम देता है। वास्तव में यह संविधान की मूल भावना का एक समाचीन विस्तार है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में हुआ संशोधन स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा ऐतिहासिक निर्णय माना जा सकता है। जम्मू- कश्मीर और लद्दाख के लिए संविधान में प्रावधानित अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाए जाने से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का ' एक देश, एक विधान, एक प्रधान' का संकल्प स्वतंत्रता के 70 वर्ष उपरांत पूर्ण हो पाया। यह शनरेंद्र मोदी जी की दृढ़ निर्णय शक्ति का ही परिणाम है कि धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भी देश के बाकी हिस्सों के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

तीन आपराधिक क़ानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को लागू करके भारत सरकार ने दंड के स्थान पर न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के चिंतन में सदैव पहली प्राथमिकता कमजोर वर्ग को सशक्त कर उसे समाज की मुख्यधारा में लाने की रही है। संविधान के 103वें संशोधन के माध्यम से वर्ष 2019 में भारत सरकार ने सामान्य वर्ग के कमजोर आर्थिक वर्ग वाले परिवारों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह समाज के कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण में मील का पत्थर है।

संविधान हमारे लिए सिर्फ पुस्तक नहीं है, यह जन-जन की आशाओं का प्रतिबिंब है। 7 जून 2024 को नरेंद्र मोदी जी ने मोदी-3 सरकार की शुरुआत करते हुए संसद के सेंट्रल हॉल में संविधान की पवित्र पुस्तक को माथे से लगाकर नमन किया था। यही दृश्य पांच साल पहले मोदी-2 के समय भी दृष्टिगत हुआ था। नरेंद्र मोदी जी की भारतीय संविधान में आस्था न केवल इन दृश्यों से अपितु उनके हर निर्णय से स्वतः परिलक्षित हो रही है।

7 नवंबर 2025 को संपूर्ण राष्ट्र ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाठ को एक महान स्मरणोत्सव के रूप में मनाया। उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक समवेत स्वर में स्व. बंकिम चंद्र चटर्जी की अमर रचना वंदे मातरम की गूंज है। वर्ष पर्यंत हम राष्ट्रगीत को समारोह पूर्वक स्मरित करते रहेंगे क्योंकि यह हमारी स्वतंत्रता का जयघोष रहा है।

आज जब भारत विश्व मंच पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, तब संविधान हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक प्रगति की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। यह दस्तावेज केवल शासन की रूपरेखा नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र और नागरिकों के नैतिक मूल्यों का मार्गदर्शक है।

( लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

## कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## कपाट बंद होने से पहले दर्शन



उत्तराखंड के चमोली में सोमवार को बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने से पहले लोग मंदिर के दर्शन के लिए आ रहे हैं, वहीं कर्मचारी इसे फूलों से सजा में लगे हैं।

## आज की पाती

### आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। भारत को भी अब उसी स्तर की संवेदनशीलता और निर्णायकता की आवश्यकता है।

*-प्रवीण साहू, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### युग का अंत



धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है। वे एक प्रतिष्ठित फिल्मी हस्ती, एक अद्भुत अभिनेता थे जिन्होंने अपनी हर भूमिका में आकर्षण और गहराई भर दी। जिस तरह से उन्होंने विविध भूमिकाएं निभाईं, उसने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### रिश्ता और भी गहरा



कई अन्य लोगों की तरह, मुझे भी धर्मेंद्र जी से तुरंत लगाव हो गया, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से हमारा मनोरंजन किया। जब मैं उनसे मिला तो पर्दे के पीछे का यह रिश्ता और भी गहरा हो गया। उनकी ऊर्जा अविश्वसनीय रूप से प्रभावशाली थी।

**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### जरूर याद आएगा



भारतीय सिनेमा की रोशनी आज मंद पड़ गई है। हम इस दुनिया में धर्मेंद्र जी को मिस करेंगे, लेकिन स्क्रीन पर उनकी चमक हमेशा कायम रहेगी। जब भी दोस्ती के फसाने कहे जाएंगे, 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' ज़रूर याद आएगा।

**- गौतम अदाणी, उद्योगपति**

### उदार हृदय वाले



सबसे दयालु इंसान। धरमजी निस्संदेह भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे स्नेही और दयालु व्यक्ति थे। वे अच्छाई की प्रतिमूर्ति थे। उन्हें हीमैन कहा जाता था, लेकिन वे सबसे कोमल और उदार हृदय वाले थे।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

### कनाडा नागरिकता कानून में जल्द करेगा संशोधन




कनाडा ने वंश-आधारित नागरिकता कानून को आधुनिक बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। इस अधिनियम में संशोधन करने वाले विधेयक को शाही मंजूरी मिल गई है। इस कदम से का असर भारतीय मूल के हजारों परिवारों पर पड़ने की संभावना है। कनाडा सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नागरिकता अधिनियम (2025) में संशोधन करने वाले विधेयक सी-3 को शाही स्वीकृति मिल गई है। इसमें कहा गया कि यह नागरिकता अधिनियम को और अधिक समावेशी बनाने और कनाडाई नागरिकता के मूल्य को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समाचार विज्ञप्ति में कहा गया है, नए कानून के लागू होते ही, उन सभी लोगों को कनाडाई नागरिकता प्रदान की जाएगी, जो विधेयक के प्रभाव में आने से पहले पैदा हुए हैं और जो प्रथम-पीढ़ी की सीमा या पिछले कानूनों के पुराने प्रावधानों के कारण नागरिक नहीं बन पाए थे। कनाडाई वंशानुक्रम से नागरिकता पर पहली-पीढ़ी की सीमा वर्ष 2009 में लागू की गई थी। इसका अर्थ है कि यदि कोई बच्चा कनाडा के बाहर पैदा हुआ या गोद लिया गया है, तो वह वंशानुक्रम से कनाडाई नागरिक नहीं माना जाएगा, यदि उसके कनाडाई माता-पिता भी कनाडा के बाहर ही पैदा हुए हों या गोद लिए गए हों।

## ऑफ बीट

### मातृत्व महिलाओं के खर्च करने का तरीका बदल देता है



हमें काफी लंबे समय से ये मालूम हैं कि मातृत्व के चलते महिलाओं को न केवल अपनी आय, पदोन्नति और करियर में तरक्की से हाथ धोना पड़ रहा है बल्कि वे खामोशी के साथ अपनी जमा पूंजी भी खर्च कर रही हैं, रोज़मर्रा के खर्चों का बोझ उठा रही हैं और वित्तीय त्याग भी कर रही हैं, जिससे उन्हें दीर्घकालिक नुकसान हो रहा है। महिलाओं की आय पर मातृत्व के प्रभाव के बारे में हम पहले से ही जानते हैं। स्टैटिस्टिक्स कनाडा द्वारा 2015 में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि पिता के प्रत्येक डॉलर के मुकाबले माताएं 85 सेंट कमाती हैं। अपने पहले बच्चे के जन्म के दस साल बाद भी, माताओं की कमाई बच्चों के बिना होने वाली कमाई से लगभग 34 .3 प्रतिशत कम है। लेकिन हमारे अध्ययन से यह भी पता चलता है कि मातृत्व के साथ ही महिलाओं का धन के साथ संबंध बदल जाता है और बच्चे होने से उनके वित्तीय निर्णय और खर्च करने की आदतें बदल जाती हैं। अध्ययन में शामिल प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत वित्त पर चर्चा करते समय दो परस्पर विरोधी आख्यानों का वर्णन करती हैं। एक ओर, वे मातृत्व को वित्तीय परियोजना के रूप में देखती हैं जिसे उन्हें बजट और लागत-लाभ के दायरे में स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करना होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
मंगलवार, 25 नवंबर 2025
अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 25, अंक : 242
पृष्ठ : 16+20+8 = 44 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 28.2
न्यून. 16.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# तालिबानी सजा...बच्चे ने होमवर्क नहीं किया तो शिक्षिका ने पेड़ पर लटका दिया, अभिभावकों ने मचाया हंगामा

प्राथमिक शाला के निचले दर्जे में अध्ययनरत एक छात्र द्वारा होमवर्क पूरा नहीं करने पर शिक्षिका ने उसे तालीबानी सजा देते हुए विद्यालय परिसर में स्थित बगीचे में एक पेड़ से लटका दिया। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने शिक्षिका की अमानवीय हरकत पर जमकर हंगामा मचाया तथा घटना की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। शिक्षिका की मनमानी से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

खास खबर

शासन के सख्त निर्देश के बावजूद निजी स्कूलों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है तथा शिक्षक कथित पढ़ाई के नाम पर बच्चों को अमानवीय सजा दे रहे हैं। सूरजपुर जिला अंतर्गत विकासखण्ड रामानुजनगर के ग्राम पंचायत नारायणपुर में लम्बे समय से हंसवाहिनी विद्या मंदिर का संचालन किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन द्वारा केजी 1 से कक्षा पांचवी तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। स्कूल के कक्षा केजी-2 में गांव का आशीष साहू आ.अशोक साहू अध्ययनरत है। शनिवार को स्कूल की शिक्षिका काजल साहू ने कक्षा के सभी बच्चों को होमवर्क दिया था। सोमवार को कक्षा में शिक्षिका काजल साहू ने सभी बच्चों को होमवर्क दिखाने ▶▶|शेष पेज 6 पर

बीईओ की जांच में मनमानी की पुष्टि



### भेजा है जांच प्रतिवेदन

घटना की जांच करने मैं स्वयं विद्यालय में गया था। होमवर्क पूरा नहीं करने पर शिक्षिका द्वारा बालक को अमानवीय तरीके से पेड़ पर लटकाने की पुष्टि हुई है। मामले में जांच प्रतिवेदन डीईओ कार्यालय भेजा गया है।

### शिकायत पर होगी एफआईआर

परिजन द्वारा घटना की शिकायत करने पर दोषी शिक्षिका के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।
-प्रशांत कुमार ठाकुर, एएसपी, सूरजपुर



### जांच करने पहुंचे बीईओ

घटना की सूचना मिलते ही बीईओ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धरमसाय लकड़ा अन्य अधिनस्थ अधिकारियों के साथ स्कूल पहुंचे तथा छात्र आशीष साहू, उसके पिता अशोक साहू, शिक्षिका एवं स्कूल संचालक से चर्चा कर घटना की जानकारी ली। बीईओ ने अपनी जांच में छात्र द्वारा होमवर्क पूरा नहीं करने पर शिक्षिका द्वारा उसे अमानवीय तरीके से पेड़ पर लटकाने की पुष्टि की है। चर्चा है कि घटना की जानकारी मिलने पर डीईओ अजय मिश्रा ने बीईओ, एबीईओ, स्कूल प्रबंधक एवं शिक्षिका को जिला शिक्षा कार्यालय सूरजपुर में तलब किया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चारधाम यात्रा का आज होगा समापन

**देहरादून।** बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा का औपचारिक समापन हो जाएगा। मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे।



### बिहार में ट्रिपल मर्डर से हड़कंप

**पटना।** पटना में ट्रिपल मर्डर से हड़कंप मच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रॉपर्टी विवाद में तीन लोगों की हत्या हुई है। पहले बाइक से आए बदमाशों ने 65 वर्षीय अशर्फी नाम के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मर्डर के बाद भागने के दौरान भीड़ ने दोनों को घेर लिया। और पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मृतक अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

### चोकसी के खिलाफ ईडी ने लौटाए चार फ्लैट

**नई दिल्ली।** ईडी ने कहा कि उसने फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत कुर्क किए गए मुंबई के चार फ्लैट आधिकारिक परिसमापक को लौटा दिए हैं। ये संपत्तियां पश्चिमी महानगर के बोरीवली (पूर्व) में दत्तापाड़ा रोड स्थित ऊर्जा-ए विंग, प्रोजेक्ट तत्व में स्थित हैं।



### दिल्ली में घर से काम करेंगे 50 फीसदी स्टॉफ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते पलूशन के कारण ग्रैप के तीसरे चरण के अनुसार दिल्ली सरकार के सभी कार्यालय और प्राइवेट दफ्तर 50 फीसदी स्टॉफ के साथ काम करेंगे। एक आदेश के अनुसार, बाकी कर्मचारी घर से काम करेंगे। यह निर्देश पर्यावरण विभाग की ओर से पर्यावरण अधिनियम 1986 के तहत राष्ट्रीय राजधानी में संचालित सभी दिल्ली सरकार के दफ्तरों और प्राइवेट कार्यालयों को जारी किया गया है।

### रेल मंत्री ने दो मेमू को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दिल्ली–शामली के बीच दो नयी मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रेल मार्ग के दोहरीकरण की घोषणा की। रेल मंत्री ने दिल्ली जंक्शन–शामली–दिल्ली जंक्शन तथा दिल्ली शाहदरा–शामली–दिल्ली शाहदरा के बीच दो मेमू ट्रेन की शुरुआत की।



## उल्लास में डूबी अयोध्या, गूंज रहे मंत्रोच्चार, हेलीकॉप्टर से निगरानी


# अयोध्या में शुभ घड़ी, अभिजीत मुहूर्त में पीएम राम मंदिर पर करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

रामनगरी ही नहीं समूचे देश और दुनिया के लिए 25 नवंबर दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्य और भव्य राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। पीएम के आगमन से पहले अयोध्या सज संवरकर तैयार हो गई है। राम मंदिर के सभी प्रवेश द्वारों को फूलों से सजाया गया है। रामपथ पर भी भव्य सजावट की गई है।

मंगलवार को सुबह 9:30 बजे प्रधानमंत्री मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां पर सेना के तीन हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं। एक हेलीकॉप्टर पर पीएम मोदी होंगे तो दो हेलीकॉप्टर उनकी सुरक्षा में लगाए गए हैं। तीनों हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर लगभग 12 किलोमीटर दूर साकेत महाविद्यालय पहुंचेंगे, जहां पर तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। यहां पीएम मोदी का हेलीकॉप्टर लैंड होगा। यहां से सड़क मार्ग से रामपथ पर लगभग एक किमी दूर वीआईपी गेट नंबर 11 यानी जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा ध्वज फहराएंगे। श्रीराम और मां सीता की विवाह पंचमी के अभिजीत मुहूर्त में ध्वजारोहण होगा। इस ध्वज में चमकते सूर्य और कोविदारा पेड़ की तस्वीर होगी। 'ॐ' लिखा होगा।**



दोपहर 12 बजे पीएम मोदी फहराएंगे भगवा ध्वज

### ऐसा होगा ध्वज

फहराया जाने वाला झंडा 10 फीट ऊंचा और 20 फीट लंबा समकोण वाला होगा। इस पर भगवान सूर्य की तस्वीर छपी होगी। साथ ही कोविदारा पेड़ की तस्वीर के साथ 'ॐ' लिखा होगा। झंडा पारंपरिक उत्तर भारतीय नागर आर्किटेक्चरल स्टाइल में बने शिखर पर फहराया जाएगा। जबकि, मंदिर के चारों ओर बना 800 मीटर का परकोटा मंदिर की आर्किटेक्चरल विविधता को दिखाता है।

### राम मंदिर शिखर पर फहराए जाने वाले ध्वज का महापूजन

राम मंदिर के शिखर पर फहराए जाने वाले ध्वज का विधिवत महापूजन रविवार को संपन्न हुआ। ध्वजारोहण समारोह के अनुष्ठानों के क्रम में तीसरे दिन रविवार को विभिन्न अनुष्ठान हुए। इसमें सबसे प्रमुख ध्वज पूजन रहा। ध्वज, जो केवल वस्त्र नहीं, बल्कि मर्यादा, संस्कृति और सनातन की परंपरा का साक्षात प्रतीक है को पूरे वैदिक विधान के साथ यज्ञ वेदी पर स्थापित किया गया। आचार्यों ने मंत्रोच्चार के मध्य इसे उसी श्रद्धा से अर्पित किया, जैसे देवत्व को अर्पित किया जाता है।

### पीएम के लिए सुरक्षा व सजावट की नजीर होगा रामपथ

ध्वजारोहण समारोह में आ रहे प्रधानमंत्री के लिए रामपथ सुरक्षा और सजावट की नजीर बनेगा। पीएम मोदी के काफिले के गुजरने वाले मार्ग पर सुरक्षा के लिए दोहरे स्तर पर बैरिकेडिंग की जा रही है। सांस्कृतिक मंच सजने लगे हैं। पथ के दोनों तरफ घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। पीएम मोदी के मूवमेंट के दौरान कोई भी शख्स फुटपाथ से रामपथ पर नहीं आ सकेगा।

### भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े प्रसंग

मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर की बाहरी दीवारों पर वाल्मीकि रामायण पर आधारित भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े प्रसंग बारीकी से 87 पत्थरों पर उकेरे गए हैं। घेरे की दीवारों पर भारतीय संस्कृति से जुड़े 79 कांस्य-ढाल वाले प्रसंग रखे गए हैं। दोपहर लगभग 1:30 बजे पीएम मोदी अयोध्या से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## दूरसंचार विभाग ने बताए नए नियम

# सिम कार्ड के दुरुपयोग पर 50 लाख जुर्माना, तीन साल कैद



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर मोबाइल फोन उपभोक्ता के नाम पर खरीदा गए सिम कार्ड का इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी या किसी अवैध गतिविधि में होता है, तो उसके लिए मूल ग्राहक को भी कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत मोबाइल उपयोगकर्ता की पहचान में मददगार आईएमईआई एवं अन्य तरीकों से छेड़छाड़ पर तीन वर्ष तक की कैद और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

### असली ग्राहक भी होगा दोषी

दूरसंचार विभाग ने कहा है कि अगर किसी ग्राहक के नाम पर लिए गए सिम कार्ड का बाद में गलत इस्तेमाल होता है, तो असली ग्राहक को भी दोषी माना जा सकता है। इसके साथ ही दूरसंचार विभाग ने ग्राहकों से कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) या पहचान बदलने वाले दूसरे ऐप एवं वेबसाइट का उपयोग न करने की हिदायत भी दी है। जाहिर है कि विभाग के नए नियम के तहत मोबाइल ग्राहकों को अब और ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

### आईएमईआई नंबर की ऐसे करें पुष्टि

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल उपकरणों के आईएमईआई नंबर की पुष्टि 'संचार साथी' पोर्टल या ऐप के माध्यम से करने की सलाह दी है। विभाग ने कहा, सरकार ने दूरसंचार संसाधनों का गलत इस्तेमाल रोकने और सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित दूरसंचार पारिस्थितिकी तैयार करने के लिए सख्त बंदिशें लगाई हैं।

## बेटियों ने अब कबड्डी में देश का नाम किया रोशन

# 30 दिन में 3 वर्ल्ड कप...




*महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया*

**ढाका।** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपै को 35-28 से हराकर लगातार दूसरा विश्व कप खिताब जीत लिया। भारत 11 देशों के टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहा। बांग्लादेश के ढाका में महिला कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। पिछले 30 दिन के भीतर भारत की बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला काफी ज्यादा टक्कर का रहा, जिसमें चीनी ताइपे ने शुरुआती दौर में भारत के डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, भारत ने अनुशासित टैकल और सही समय पर किए गए हमलों के जरिए धीरे-धीरे नियंत्रण हासिल किया और मैच के निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखा।

### पीएम मोदी-शाह ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप 2025 जीतकर देश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई। उन्होंने जबर्दस्त कौशल, प्रतिबद्धता और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। उनकी जीत से अनगिनत युवाओं को कबड्डी खेलने, बड़े सपने देखने और ऊंचे लक्ष्य तय करने की प्रेरणा मिलेगी। गृहमंत्री शाह ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा,' हमारी महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचा, जो गर्व का पल है। पूरी टीम को महिला कबड्डी विश्व कप जीतने पर बधाई।

### भारत की बेटियों ने जीते 3 वर्ल्ड कप


भारत की बेटियां इस वक्त पूरे देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर भारत की बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर बड़ा हादसा

# गलत रनवे पर उतरा अफगान का विमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब काबुल से आ रहा एरियाना अफगान एयरलाइन का एक विमान गलती से उस रनवे पर उतर गया, जहां से एक अन्य विमान उड़ान भर रहा था। नियामक ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। एरियाना अफगान एयरलाइन के ए310 विमान, जिसकी उड़ान संख्या एफजी-311 (काबुल-दिल्ली) थी, को रनवे 29-एल पर उतरने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, विमान रनवे 29-आर पर उतरा।



### अधिकारी बोले- ये 'मिरेकल एस्केप'

दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने विमान के गलत रनवे पर उतरने की घटना को 'मिरेकल एस्केप' बताया है। यानी, जब बहुत बड़ा हादसा होने की संभावना हो, लेकिन किसी संयोग या किस्मत से वह टल जाए।

# साय का केंद्र से आग्रह- सेंट्रल पूल में चावल का कोटा बढ़ाएं और धान खरीदी का खर्च दें

## केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पासवान से साय ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री चिराग पासवान से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ से जुड़े अनेक जनहित विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान धान खरीदी, केंद्रीय पूल का कोटा बढ़ाने और राज्य के व्यय की प्रतिपूर्ति की बकाया राशि भुगतान शीघ्र दिलाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने विशेष रूप से राज्य में खाद्य सुरक्षा, कृषि-आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट संस्थान की स्थापना छत्तीसगढ़ में की जाए, ताकि राज्य के युवाओं को आधुनिक खाद्य तकनीक, उद्यमिता तथा नए रोजगारों से संबंधित उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा, कृषि की दृष्टि से छत्तीसगढ़ एक मजबूत राज्य है और यहां ऐसे ▶▶|शेष पेज 6 पर



### फूड इर्रेडिएशन यूनिट के लिए केंद्र से मांगा सहयोग

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में खाद्य वस्तुओं की जांच के लिए फूड टेस्टिंग लैब तथा खाद्य उत्पादों को सुरक्षित रखने के लिए फूड इर्रेडिएशन यूनिट स्थापित की जानी है, जिनके लिए राज्य केंद्र से सहयोग चाहता है। धान तथा फल–सब्जी आधारित उद्योगों में बड़े निवेशकों की भागीदारी बढ़ने से किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को व्यापक गति मिलेगी। साय ने जानकारी दी कि राज्य की नई औद्योगिक नीति में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को विशेष महत्व दिया गया है और निवेशकों को अनेक अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत डूल्स कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ में 1,000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है।


## सीजेआई के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ली शपथ, ऐसा रहा पहला दिन

# मौखिक उल्लेख से इंकार, 17 मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में पहले दिन न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को एक नया प्रक्रियात्मक मानदंड स्थापित किया कि तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामलों का उल्लेख लिखित रूप में किया जाना चाहिए, और मृत्युदंड और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे मामलों में "असाधारण परिस्थितियों" में मौखिक ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एनआईए को जारी किया नोटिस



एक अन्य मामले में, मणिपुर में कथित न्यायेतर हत्याओं के पीड़ितों के परिवारों ने अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उनके वकील ने दलील दी कि परिवारों को कम से कम यह जानने का हक है कि हुआ क्या था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जांच पहले से ही चल रही है और उन्होंने "एनआईए द्वारा जांच की स्थिति जानने के सीमित उद्देश्य से" नोटिस जारी किया।

### कनिष्ठ वकील को किया प्रोत्साहित

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक वरिष्ठ अधिवक्ता की ओर से स्थगन की मांग कर रहे एक कनिष्ठ वकील को भी प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। उन्होंने, इस अवसर का लाभ उठाइए, आपको बहस करनी चाहिए... अगर आप बहस करेंगे, तो हम थोड़ी छूट दे सकते हैं। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह टिप्पणी की, जिससे इस मामले के खारिज होने की संभावना का संकेत मिला। हालांकि, कनिष्ठ वकील ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसे बहस करने के लिए कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

### 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ, 15 माह देंगे सेवाएं

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को शपथ दिलाई और उन्होंने हिंदी में शपथ ली। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को न्यायमूर्ति बी आर गवई के स्थान पर न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति गवई रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 30 अक्टूबर को अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह लगभग 15 महीने तक इस पद पर रहेंगे। वह नौ फरवरी 2027 को 65 वर्ष की उम्र होने पर यह पद छोड़ देंगे। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता इस समारोह में शामिल हुए। शपथ लेने के तुरंत बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन करने उनके पास गए।



# पूर्व सीजेआई गवई ने रिटायर होते ही छोड़ी ये सरकारी सुविधा, कायम की नयी मिसाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई रविवार को रिटायर हो गए। उनकी जगह जस्टिस सूर्यकांत भारत के चीफ जस्टिस बने हैं। लेकिन, सेवानिवृत्ति के साथ ही जस्टिस गवई ने एक नई मिसाल पेश की, जो न्यायपालिका में जनता के भरोसे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

दरअसल, सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत को सीजेआई पद की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में शामिल होने गवई अपनी आधिकारिक गाड़ी से राष्ट्रपति भवन पहुंचे लेकिन समारोह खत्म होने के बाद वह निजी वाहन से लौटकर अपने आवास पहुंचे।

### दलित समुदाय से आते हैं गवई

*जस्टिस गवई दलित समुदाय से आते हैं। चीफ जस्टिस बनने वाले वह दूसरे दलित जज हैं। शुक्रवार को बतौर जज अंतिम बार सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई करने वाले जस्टिस गवई ने रविवार को कहा था कि विधेयकों की मंजूरी के वास्ते राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा की व्यवस्था को समाप्त करने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक संतुलित फैसला है, क्योंकि संविधान इसकी अनुमति नहीं देता, लेकिन राज्यपाल भी विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोककर नहीं रख सकते. अपने सरकारी आवास पर मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत में जस्टिस गवई ने कहा कि संविधान शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत पर आधारित है और जहां समय-सीमा का उल्लेख नहीं है, वहां अदालत अपने स्तर पर समय-सीमा तय नहीं कर सकती. जस्टिस गवई 23 नवंबर (रविवार) को सेवानिवृत हुए। उन्होंने कहा कि हमने न केवल समयसीमा हटाई है, बल्कि यह कहकर इसे संतुलित भी किया है कि राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते।*

### नए सीजेआई के लिए आधिकारिक गाड़ी छोड़ निजी वाहन से लौटे

**जस्टिस गवई ने खींच दी बड़ी लकीर, रिटायर होते ही छोड़ी सरकारी सुविधा**

**पूर्व सीजेआई कायम की नयी मिसाल, संकेतों में दिया अहम संदेश**



### रिटायरमेंट के बाद नहीं स्वीकारेंगे सरकारी पद

रिटायरमेंट से ठीक पहले आयोजित विदाई समारोह में उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। सीजेआई ने न्यायपालिका से जुड़े मिथकों, सामाजिक न्याय और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत विचार साझा किए। सीजेआई बीआर गवई ने स्पष्ट किया कि रिटायरमेंट के बाद वे किसी भी सरकारी पद को स्वीकार नहीं करेंगे। आगे के अपने सफर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह पहले 10 दिन आराम करेंगे, उसके बाद आगे की योजनाओं पर निर्णय लेंगे।

### नैतिक शुचिता का दिया संदेश

*गवई ने लौटते समय आधिकारिक गाड़ी अपने उत्तराधिकारी सीजेआई सूर्यकांत के लिए छोड़ दी। उनके इस कदम की खूब सराहना की जा रही है। यह एक सांकेतिक चीज है लेकिन इसके पीछे का संदेश बहुत अहम है। दरअसल, बीते कुछ समय से न्यायपालिका की साख पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ महीने पहले पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायर होने के बाद भी सीजेआई के लिए आवंटित आवास में रहने की खबर आई थी। हालांकि चंद्रचूड़ ने कहा कि उनकी बेटियां अपाहिज थीं और वे आईसीयू जैसे सेटअप में घर में ही रह रही थीं। इस कारण उनको बंगला खाली करने में देरी हुई।*

## खबर संक्षेप

### जदयू के नरेंद्र नारायण बने प्रोटेम स्पीकर

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के नरेंद्र नारायण यादव को बिहार विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। यादव को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजधानी पटना में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रोटेम स्पीकर नियुक्त होने के बाद जेडीयू विधायक विधानमंडल के सत्र में विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। नरेंद्र नारायण यादव मधेपुरा जिले के आलमगंज विधानसभा सीट से लगातार 8वीं बार विधायक चुने गए हैं। उनकी गिनती जेडीयू के सबसे सीनियर नेताओं में होती है। अपने शांत छवि और संगठन में काम करने के लिए जाने जाते हैं। प्रोटेम स्पीकर का काम नवनिर्वाचित विधानसभा के लिए अस्थायी अध्यक्ष के रूप में कार्य करना होता है। प्रोटेम स्पीकर को राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाता है, और उनका मुख्य कार्य नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाना और नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को संचालित करना होता है। प्रोटेम स्पीकर तब तक पद पर रहते हैं जब तक कि विधानसभा का नियमित अध्यक्ष निर्वाचित नहीं हो जाता।

# वे कहते रहे- 'शो जारी रहना चाहिए' याद रखना, आपके जाने के बाद भी कोई यही कहेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी वायु सेना (यूएसएएफ) के पायलट मेजर टेलर 'फेमा' हाईस्टर ने दुबई एयर शो में दुर्घटना के बाद शो जारी रखने के आयोजकों के फैसले पर नाराजगी जताई है और जानकारी दी कि शो में उन्होंने अपना प्रदर्शन रद्द कर दिया था।

दरअसल, दुबई एयर शो 2025 में शुक्रवार को अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारतीय वायुसेना के तेजस लड़ाकू विमान एक युद्धाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और जमीन पर गिरते ही विमान आग के गोले में तब्दील हो गया। जिससे भारतीय विंग कमांडर नमांश स्याल सुरक्षित रूप से इजेक्ट नहीं कर पाए और उनकी मौत हो गई। पर इसके बावजूद एयर शो जारी रहा. इसको लेकर मेजर हाईस्टर ने पायलट, उनके सहकर्मियों और परिवार के प्रति सम्मान जताते हुए अपना अंतिम प्रदर्शन रद्द कर दिया था। अब आयोजकों द्वारा एयरशो जारी रखने के फैसले में नाराजगी जताई। तेजस स्वदेशी बहु-भूमिका वाला हल्का लड़ाकू विमान है, जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (हाल) द्वारा बनाया गया है।

### तेजस क्रैश के बाद एयर शो जारी रखने पर आयोजकों पर भड़के अमेरिकी पायलट

### हादसे के बाद अमेरिकी एयर फ़ोर्स ने सम्मान जताते हुए रद्द कर दिया था अपना शो

### अनाउंसर उत्साही बना रहा, यह असहज करने वाला

*हाईस्टर ने कहा कि दुर्घटना के बावजूद भी अनाउंसर उत्साही बना रहा, भीड़ उत्साह के साथ अगले रूटीन देखती रही और शो का समापन प्रायोजकों और कलाकारों को बधाई नोट के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि मेरे लिए ये कल्पना करना असहज था कि मेरी टीम मेरे बिना ही शो स्थल से बाहर निकलकर ट्रैक पर जा रही है और अगला कलाकार तैयारी कर रहा है। शो जारी रहना चाहिए, यही वे हमेशा कहते हैं और वे सही हैं, लेकिन बस याद रखना कि आपके जाने के बाद भी कोई यही कहेगा।*



### इधर, हादसे पर हॉल की टिप्पणी- 'काम जारी रहेगा'

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हॉल) ने दुबई एयर शो में हाल ही में हुई तेजस दुर्घटना को लेकर कहा है कि यह हादसा बहुत ही असामान्य परिस्थितियों में हुआ एक अकेला मामला है। इससे कंपनी के काम-काज, पैसों की स्थिति या आने वाले ऑर्डर की डिलीवरी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जो भी जांच एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं, हॉल उनका पूरा-पूरा साथ दे रही है। अगर भविष्य में कोई बड़ी बात सामने आएगी तो कंपनी तुरंत सभी को बताएगी।

### आयोजकों का चौंकाने वाला फैसला

मेजर हाईस्टर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'दुबई एयर शो के अंतिम दिन भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर नमांश स्याल तेजस में स्टंट प्रदर्शन करते हुए शहीद हो गए। हमारी टीम भी अपना प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही थी। आयोजकों ने चौंकाने वाला फैसला लिया कि उड़ान प्रदर्शन जारी रहेंगे। हमारी टीम ने कुछ अन्य टीमों के साथ मिलकर सम्मान में अपना अंतिम प्रदर्शन रद्द करने का फैसला किया- शहीद पायलट, उनके साथियों और परिवार के प्रति सम्मान में।' उन्होंने लिखा, 'मैं शायद एक या दो घंटे बाद शो साइट से गुजरा, ये उम्मीद करते हुए कि यह खाली, शांत या बंद होगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं था।'

### पासपोर्ट अवैध घोषित कर शंघाई एयरपोर्ट पर चीन ने भारतीय महिला को बनाया बंधक

# अरूणाचल की रहने वाली है इसलिए 18 घंटे तक टार्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजिंग

भारत और चीन के रिश्ते को लेकर कई लोग सकारात्मक रूख रखते हैं, लेकिन हकीकत ये है कि चीन अपने मकसद के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत की एक महिला को शंघाई एयरपोर्ट पर 18 घंटे तक इसलिए बिठाकर रखा गया, क्योंकि वो अरूणाचल प्रदेश की रहने वाली थी।

भारतीय महिला ने आरोप लगाया है कि चीनी अधिकारियों ने उसका भारतीय पासपोर्ट मानने से इनकार कर दिया। सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट में, यूनाइटेड किंगडम में रहने वाली भारतीय महिला, पेम वांग थोंगडोक ने आरोप लगाया कि 'चीनी अधिकारियों ने उनसे कहा कि उसका पासपोर्ट 'अमान्य' है क्योंकि वह अरुणाचल प्रदेश में पैदा हुई थी और अरूणाचल चीन का हिस्सा है।'

### 21 नवंबर का है वाकया

थोंगडोक ने बताया है कि ये घटना 21 नवंबर 2025 की है, जब वो लंदन से जापान जा रही थीं। उन्होंने लिखा, 'चीन इमिग्रेशन और चाइना ईस्टर्न एयरलाइन के दावों पर मुझे 21 नवंबर 2025 को शंघाई एयरपोर्ट पर 18 घंटे से ज़्यादा समय तक रोके रखा गया।' उन्होंने कहा कि 21 नवंबर 2025 को लंदन से जापान यात्रा के दौरान ट्रांजिट में उन्हें अचानक रोक लिया गया और सुरक्षा जांच से पहले ही उनका पासपोर्ट वापस ले लिया गया। थोंगडोक के मुताबिक, चीन ईस्टर्न एयरलाइन और चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि 'अरुणाचल चाइना का हिस्सा है, इसलिए आपका भारतीय पासपोर्ट वैध नहीं है।' इसके बाद महिला थोंगडोक ने यूके में अपने एक दोस्त के जरिए शंघाई में भारतीय कॉन्सुलेट से संपर्क किया। बाद में भारतीय अधिकारियों ने उन्हें देर रात चीनी शहर से निकलने के लिए एस्कॉर्ट किया।

**हमास अटैक को नाकामी मानते हुए लिए एक्शन**

# इजराइल ने किया अपने 9 टॉप सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

7 अक्टूबर 2023. यही वो तारीख थी जब हमास इजरायल के अंदर घुस आया था और लगभग 1200 लोगों की हत्या के साथ 240 लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद ही हमास और इजरायल के बीच वह जंग शुरू हुई जिसने दो साल में गाजा को नर्क बना दिया। अब इजरायल के सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इयाल ज़मीर ने हमास अटैक को अपने इंटेलिजेंस की नाकामी मानते हुए अपने टॉप के 9 सीनियर सैन्य अफसरों को बर्खास्त कर दिया और 7 अक्टूबर, 2023 को



विफलताओं में उनकी भूमिका पर दूसरे अफसरों को फटकार लगाई। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने कहा कि ये अधिकारी हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहे थे।

### ज्यादातर अफसर पहले ही नौकरी छोड़ चुके हैं

हालांकि बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है। जिन अधिकारियों को फटकार लगी है, वे अपनी मौजूदा पोस्ट पर अपना कार्यकाल पूरा होने तक काम करते रहेंगे। फैसले के बाद आईडीएफ चीफ ने कहा- ऐसे फैसले लेना आसान नहीं है, लेकिन जिम्मेदारी तय करना जरूरी है, तभी सिस्टम पर लोगों का भरोसा कम होगा। यह भरोसा ही हमारी लड़ाई, हमारी जीत और देश की रक्षा की नींव है।

# अमेरिका का वीजा रिजेक्ट होने पर महिला डॉक्टर ने किया सुसाइड

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां अमेरिका का वीजा आवेदन अस्वीकार होने के बाद एक डॉक्टर ने आत्महत्या की। प्रदेश के गुंटूर जिले की रहने वाली 38 वर्षीय एक महिला डॉक्टर ने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने से डिप्रेशन में आकर हैदराबाद स्थित अपने फ्लैट में कथित तौर पर सुसाइड कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार को उस वक्त सामने आई जब शहर के दूसरे इलाके में रहने वाले उसके परिवार के सदस्यों को दरवाजा खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिसके बाद घर का दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर डॉक्टर मृत पायी गयी।

■ **माँ बोली- यूएस जाने का बेसब्री से था इंतजार**

**खुद को लगा लिया इंजेक्शन-** पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान रोहिणी के तौर पर की गई है और जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो उसकी घरेलू सहायिका ने ही उसके परिवार को इसकी सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। अधिकारी ने शुरुआती जांच के आधार पर बताया कि संदेह है कि डॉक्टर रोहिणी ने शुक्रवार रात नींद की गोलियां खा ली या खुद को इंजेक्शन लगा लिया। उन्होंने बताया कि मौत का सटीक कारण अभी पता नहीं चल पाया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

**वीजा आवेदन खारिज होने का जिक्र-** अधिकारी ने बताया कि घर से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें कथित तौर पर लिखा है कि वह डिप्रेशन में थी और इसमें वीजा आवेदन खारिज होने का भी जिक्र है। मृतका की मां लक्ष्मी ने बताया कि उनकी बेटी नौकरी के लिए अमेरिका जाने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, लेकिन वीजा न मिलने के कारण वह अवसादग्रस्त हो गई। मृतक डॉक्टर की माँ ने बताया कि रोहिणी हैदराबाद के पद्मा राव नगर में रह रही थी क्योंकि वहां नजदीक ही लाइब्रेरी थी। उन्होंने बताया कि वह इंटरनल मेडिसिन में स्पेशलाइजेशन हासिल करना चाहती थी।

# शिंदे की तस्वीर हटाने पर बवाल शिवसेना, भाजपा में बढ़ी तकरार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में निकाय चुनाव को लेकर दोनों गठबंधन हर सीट पर तालमेल बैठाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन फिर भी कई ऐसी सीटें हैं, जहां दोनों ही तरफ तमाम बातचीत के बाद भी कोई हल नहीं निकल रहा है। सिंधुदुर्ग को लेकर महाराष्ट्र बीजेपी और शिंदे सेना में तालमेल नहीं बना पाया है।

इसी वजह से शिवसेना विधायक नीलेश राणे ने बीजेपी महाराष्ट्र के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को सिंधुदुर्ग में दो दिसंबर को होने वाले नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव से पहले महायुति गठबंधन टूटने का दोषी ठहराया है। राणे दावा किया, 'मालवन में हम 10 सीट देने को तैयार थे और सवंतवाडी में (शिवसेना नेता) दीपक केसरकर 50-50 फॉर्मूले के लिए तैयार थे। कणकवली में हमें कहा गया कि हम केवल एक या दो सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं। बैनर से हमारी तस्वीर हटा दी गईं। अगर उन्होंने सिर्फ मेरी तस्वीर हटायी तो ठीक था, लेकिन (उप मुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख) एकनाथ शिंदे की तस्वीर हटाने से हमें दुख हुआ।'

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पर बरसे शिवसेना विधायक



### भाजपा ने नहीं दी है प्रतिक्रिया

नीलेश राणे ने सिंधुदुर्ग नव गठित शहर विकास आघाडी के प्रचार अभियान के दौरान शुक्रवार को कहा कि गठबंधन बीजेपी के वरिष्ठ नेतृत्व के कारण नहीं, बल्कि रवींद्र चव्हाण के कारण टूटा है। नीलेश राणे और रवींद्र चव्हाण के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। इस मामले पर रवींद्र चव्हाण और बीजेपी के अन्य नेताओं ने नीलेश राणे के आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# पाक : आर्मी हेडक्वार्टर में आत्मघाती हमला, 6 मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए। पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी डॉ. मियां सईद ने बताया कि विस्फोट के बाद मौके का फायदा उठाकर 2 और हमलावर कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के कैंपस में घुसने में कामयाब हो गए। दोनों राइफलों और हथगोले से लैस थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों से मुठभेड़ की और उन्हें मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी।


# संसद में नकाब में पहुंची सीनेटर हुआ हंगामा, ऑस्ट्रेलिया में बुर्के पर बवाल

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की दक्षिणपंथी सीनेटर पॉलीन हैन्सन ने एक बार फिर बुर्के के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। इसी वजह से उन्होंने सोमवार को संसद में पूरे बुर्के (नकाब सहित) में प्रवेश कर हल्ला मचा दिया। उनका मकसद सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का और चेहरा ढकने वाले सभी परिधानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाना था।

इस हरकत के बाद मुस्लिम सीनेटरों ने उन पर खुलेआम नस्लवाद का आरोप लगा दिया। दरअसल, सीनेट ने हैन्सन के बुर्का प्रतिबंध वाले बिल को पेश करने की अनुमति ही नहीं दी थी। इसी विरोध में उन्होंने यह सब किया। यह दूसरी बार है जब उन्होंने संसद में बुर्का पहना हो। पहली बार उन्होंने 2017 में ऐसा किया था। बुर्का पहने जैसे ही वे सदन में दाखिल हुईं, हंगामा मच गया। जब उन्होंने बुर्का उतारने से इनकार कर दिया तो सीनेट की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

पॉलीन हैन्सन विवाद पर न्यू साउथ वेल्स की ग्रीन्स पार्टी की मुस्लिम सीनेटर मेहरीन फारुकी ने कहा कि यह एक नस्लवादी सीनेटर हैं जो साफ-साफ नस्लवाद दिखा रही हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की स्वतंत्र मुस्लिम सीनेटर फातिमा पायमन ने इसे 'शर्मनाक स्टंट' करार दिया। सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की सीनेट लीडर पेनी वोंग और विपक्ष की डिप्टी लीडर ऐनी रस्टन ने भी हैन्सन की कड़ी निंदा की। पेनी वोंग ने कहा कि पॉलीन हैन्सन ऑस्ट्रेलियाई सीनेट की सदस्य बनने के योग्य नहीं हैं। उन्होंने उनके निलंबन का प्रस्ताव भी लाया।

## शब्द पहेली - 6058



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6057 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6068

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6067 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |






# 'रील' से 'रियल' तक 'ही-मैन' ही रहे धर्मेंद्र

'रील से रियल' तक 'ही-मैन' रहे धर्म पाजी यानी अभिनेता धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के नसराली गांव में जन्में धर्मेंद्र ने जब दिलीप कुमार की फिल्म शहीद देखी तो बेचैन हो उठे। उन्होंने सिनेमा हॉल से बाहर निकलते ही मन ही मन ठान लिया कि अब उन्हें दिलीप कुमार जैसा ही बनना है। इसी संकल्प के साथ धर्मेंद्र ने अपना कॅरियर शुरु किया फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। कामायाबी ऐसी मिली की कोई उन्हें, ही-मैन कहने लगा तो कोई धर्म पाजी। जैसे-जैसे फिल्में हिट होती गईं वैसे-वैसे धर्मेंद्र के उप नाम भी बढ़ते गए। कुल मिलाकर 6 दशक में 300 फिल्में और करीब दो दर्जन बड़े अवार्ड उनके खाते में आ गए। इस बीच उन्होंने पूरे देश को हंसाया, गुदगुदाया और एक बेहतरीन कलाकार को गढ़कर सबके चहते बन गए। ये सफर कब पूरा हो गया किसी को पता ही नहीं चला। अब सिर्फ उनकी यादें हैं और आंखों में आंसू के सिवाए कुछ नहीं है। धर्मेंद्र से जुड़ीं कुछ यादें 'हरिभूमि'अपने पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

## 1 200 रुपए के लिए गैराज में करते थे काम



जब धर्मेंद्र फिल्मों में काम करने की चाह लिए मुंबई पहुंचे तो उस वक्त गुजारा करने के लिए न उनकी जेब में पैसे थे और उनके पास रहने के लिए कोई ठिया था। अपना गुजारा करने के लिए वो एक गैराज में काम करते थे। वहां काम करने के लिए उन्हें 200 रुपए मिलते थे। इतने पैसों में उनका गुजारा नहीं हो पाता था, इसलिए वो ओवरटाइम भी करते थे और फिर रात में गैराज में ही सो जाते थे। जब दिल भी तेरा हम भी तेरे फिल्म के जरिए उन्हें बॉलीवुड में पहला ब्रेक मिला तो उन्हें ऐसी उम्मीद थी कि उन्हें इस पिक्चर के लिए कम से कम 5 हजार रुपए मिलेंगे। हालांकि, उन्हें सिर्फ 51 रुपए मिले थे, वो भी तीन लोगों ने मिलकर 17-17 करके उन्हें 51 रुपए दिए थे। ये फीस भले ही कम थी, लेकिन धर्मेंद्र उस 51 रुपए को काफी लकी मानते थे। कुछ साल पहले धर्मेंद्र एक सिंगिंग रियलिटी शो पर पहुंचे थे, उस वक्त एक्टर ने स्ट्रगल को लेकर बात की थी।

## 2 जब मां ने ये कहा रोज पीया करो बेटा

धर्मेंद्र सोने से पहले हमेशा अपनी मां सतवंत कौर के पैर दबाया करते थे। धर्मेंद्र तब तक पैर दबाते थे, जब तक मां उन्हें सोने को नहीं कहतीं। एक दिन धर्मेंद्र शराब पीकर आए और अपनी मां के पैर दबाने लगे। मां की नींद लग गई और उन्होंने धर्मेंद्र से रुकने को ही नहीं कहा। वो रात भर मां के पैर दबाते ही रहे। जब मां की नींद खुली तो



उन्होंने कहा, बेटा, शराब पीकर इतने अच्छे पैर दबाते हो, रोज पीया करो। ये किस्सा खुद धर्मेंद्र ने सारेगामापा शो में सुनाया था। इसी तरह एक किस्सा और है जब 1971 में ऋषिकेश मुखर्जी फिल्म 'आनंद' प्लान कर रहे थे तो सबसे पहले उन्होंने इसकी कहानी बेंगलुरु से मुंबई फ्लाइट के दौरान धर्मेंद्र को सुनाई थी। धर्मेंद्र बड़े खुश हुए। उन्हें गलतफहमी हुई कि ऋषिकेश दा शायद उन्हें ही फिल्म में लेंगे। कुछ दिनों बाद अखबार में खबर छपी कि फिल्म के हीरो राजेश खन्ना होंगे। धर्मेंद्र ने जमकर शराब पी और फिर देर रात ऋषिकेश दा को कॉल किया और कहा कि आप मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं, ऋषि दा... ऋषिकेश उन्हें शांति से समझाते रहे और कहते रहे कि धरम हम सुबह बात करेंगे, लेकिन धर्मेंद्र थे कि लगातार अपनी बात दोहराए जा रहे थे। ऐसा करते-करते उन्होंने रातभर ऋषिकेश दा को परेशान किया। इसके बावजूद ऋषिकेश मुखर्जी और धर्मेंद्र की दोस्ती बरकरार रही।

## 3 हेमा के साथ सीन के लिए दिए थे 2 हजार



रमेश सिप्पी शोले फिल्म के दूसरे हीरो के लिए एक ऐसे एक्टर की तलाश में थे, जो ज्यादा पॉपुलर न हो। ऐसे में धर्मेंद्र ने ही अमिताभ के नाम का सुझाव दिया। धर्मेंद्र इस फिल्म में वीरू की जगह ठाकुर का रोल निभाने में अड़े हुए थे, लेकिन संजीव कुमार को पहले ही कास्ट कर चुके रमेश सिप्पी उन्हे बदलने के पक्ष में नहीं थे। जब धर्मेंद्र ने जिद नहीं छोड़ी तो रमेश ने उन्हें समझाया कि अगर वो ठाकुर बने तो उन्हें हेमा के साथ कम सीन मिलेंगे, लेकिन अगर वीरू बने तो उन्हें बसंती बनीं हेमा के साथ रोमांस करने का मौका मिलेगा। इस बात को सुनकर धर्मेंद्र मान गए। धर्मेंद्र हेमा को इस कदर पसंद करते थे कि जब बसंती को गन चलाना सिखाने वाला सीन शूट हो रहा था। धर्मेंद्र ने स्पॉटबॉय को 2000 रुपए दिए, जिससे बार-बार सीन खराब हो और रीटेक करना पड़े। स्पॉटबॉय ने रिश्वत लेकर बार-बार सीन दोहराने में धर्मेंद्र की मदद की और धर्मेंद्र बार-बार हेमा के नजदीक जाते रहे। बाद में 1980 में हेमा मालिनी से शादी की।

## 4 शशि कपूर अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया



वैसे तो अभिनेता धर्मेंद्र को लेकर कई किस्से है लेकिन जो सर्वाधिक चर्चा में रहे है उनमें एक किस्सा धर्मेंद्र का शुरुआती एक्टिंग करियर संघर्ष से भरा था। उन्होंने कई रातें चने खाकर रेलवे स्टेशन पर गुजारी थीं। वह रोल पाने के लिए प्रोड्यूसर्स के यहां मीलों पैदल चलकर जाते थे, जिससे कुछ पैसे बचा सकें और वह खाना खा सकें। एक बार शशि कपूर उन्हें अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया था। इसके अलावा धर्मेंद्र और दिलीप कुमार का रिश्ता भी बड़ा खास था। धर्मेंद्र दिलीप साहब को अपना बड़ा भाई मानते थे। वह जब भी दिलीप कुमार से मिलते तो उनके पैरों के पास बैठते थे। वक्त-वक्त पर वह दिलीप कुमार से मिलने उनके घर जाया करते थे। धर्मेंद्र का नाम एक वक्त में मीना कुमारी के साथ भी जोड़ा गया। मीना कुमारी को शायरी का शौक था। कहा जाता है कि मीना कुमारी की संगत में रहकर ही धर्मेंद्र को भी शायरी का शौक हुआ। इसी तरह गोविंदा जब फिल्मों में हिट हुए थे तो कुछ गुंडे लोगों ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। ऐसे में गोविंदा ने धर्मेंद्र से मदद मांगी थी। तब धर्मेंद्र ने ऐलान किया था कि वह गोविंदा की मदद करेंगे। इसके बाद गोविंदा को किसी ने परेशान नहीं किया। धर्मेंद्र अपनी एक्शन फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर थे। वह फिल्मों में अपने एक्शन सीन्स खुद किया करते थे। कभी भी धर्मेंद ने बॉडी डबल की मदद एक्शन सीन्स के लिए नहीं ली। एक फिल्म में धर्मेंद्र ने असल में चीते से लड़ाई लड़ी थी।

## 5 मुझे लगता सनी मेरे पास बैठे, पर मैं भी अपने पापा के पास नहीं बैठता था

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि उनके मां-बाप उनके वक्त के लिए तरसते रहे, और आज वही कमी उन्हें खुद भी महसूस होती है। अभिनेता ने कहा था कि पेरेंटस और बच्चों के बीच दोस्ती का रशिता होना चाहिए। बॉलीवुड-बॉलीवुड को दिए एक पुराने इंटरव्यू में अभिनेता धर्मेंद्र से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि उनके ऊपर उनके पिता की छाप है, क्योंकि वे खुद भी एक सख्त पिता माने जाते हैं। इस सवाल पर धर्मेंद्र मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हां, यह बात सही है। सनी बाबू भी मुझसे डरता है। मुझे हमेशा लगता है कि वो मेरे पास बैठे, मुझसे बातें करे, आज सोचता हूं कि काश मेरे बाबूजी मेरे दोस्त होते, दोस्ती होना बहुत जरूरी है। मैं बहुत मिस करता हूं और वे लोग कभी मेरे साथ बैठते नहीं है। वो इंटरव्यू में आगे बताते हैं, सनी आता है और बस इतना कहता है-




पापा, मैं शूटिंग पर जा रहा हूं। ऐसे ही मैं करता था। मुझे अपने पिताजी याद आते हैं। वो उस वक्त अपनी छड़ी लेकर बैठे रहते थे और कुछ सोचते रहते थे। जब मैं पूछता था, क्या सोच रहे हैं बाबूजी?' तो वो कहते थे, जल्दी आ जाया करो शूटिंग से। मैं उन्हें गले लगाकर निकल जाता था। शाम को जब लौटता था तो मां ठुड्डी पर हाथ रखे बैठी रहती थीं, जब उनसे पूछो कि क्या हुआ, तो भी वही जवाब देती थी। आज महसूस होता है कि हमारे मां-बाप भी हमारा साथ चाहते थे। वो चाहते थे कि हम उन्हें वही प्यार, वही लाड़-दुलार दें, जो उन्होंने हमें बचपन में दिया था। आज वो बात समझ आती है। आज, वही कमी सबसे ज्यादा महसूस होती है।

### कुछ इस तरह का सफर रहा धर्मेंद्र का

**जन्म:** 8 दिसंबर 1935
**मृत्यु:** 24 नवंबर 2025
**परिवार:** पूरा नाम धरम सिंह देओल है। उनके पिता केवल किशन सिंह देओल एक स्कूल शिक्षक थे।
**शिक्षा:** स्कूली शिक्षा फगवाड़ा के लालटन कलां से पूरी की और पंजाब यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की।
**फिल्मों में आने का कारण:** फिल्मफेयर मैगजीन के एक टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेता बनने के बाद, उन्होंने अभिनय की चाहत में मुंबई का रुख किया।
**करियर :** धर्मेंद्र ने 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।
**सफलता:** 1966 की फिल्म 'फूल और पत्थर' ने उन्हें एक एक्शन हीरो के रूप में स्थापित किया।
**अभिनय:** फिल्मों में एक्शन और रोमानी दोनों तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन उनकी 'सत्यकाम' और 'शोले' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी सराहा गया है।
**ही-मैन:** बॉलीवुड के ही-मैन के रूप में जाना जाता है और उन्होंने अपने पांच दशक से अधिक लंबे करियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

**कुल फिल्में**
**300**
**हिट फिल्में**
**74**
**ब्लॉकबस्टर**
**07**
**सुपरहिट**
**13**

### ही मैन का निजी जीवन



**पहली शादी:** धर्मेंद्र की पहली शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिनसे उनके चार बच्चे हैं: सनी देओल, बॉबी देओल, विजेता और अजिता।
**दूसरी शादी:** अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी की, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं: ईशा देओल और अहाना देओल।
**राजनीति:** धर्मेंद्र ने राजनीति में भी कदम रखा और भाजपा के सदस्य के रूप में 2004 में राजस्थान के बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद चुने गए।

## ढेरों पुरस्कार और पद्म भूषण से भी सम्मानित

- धर्मेंद्र ने फिल्मों में सिर्फ एक्टिंग की नहीं की, बल्कि वह प्रोड्यूसर भी रहे हैं। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता और फिल्मफेयर के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के अलावा करीब दो दर्जन सम्मान उन्हे मिले हैं। जिसमें ये प्रमुख हैं।
- साल 2012 में उन्हें भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था।



- धर्मेंद्र की प्रोड्यूस फिल्म 'घायल' को साल 1990 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इस फिल्म में उनके बेटे सनी देओल ने लीड रोल किया था।
- धर्मेंद्र को साल 1997 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट्स अवॉर्ड मिला था। वहीं 1991 में उनकी प्रोड्यूस फिल्म घायल को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था।

## मेहनत से कमाई... करीब 5.35 अरब की संपत्ति

धर्मेंद्र की संपत्ति और नेट वर्थ की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 500 से 535 करोड़ रुपए (5.35 अरब) के आसपास बताई जाती है। यह अथाह संपत्ति उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और इनवेस्टमेंट से जुटाई। धर्मेंद्र खास पढ़े-लिखे नहीं हैं, पर इसने कभी भी उनकी सफलता की राह में रोड़े नहीं अटकाए। धर्मेंद्र ने अपनी कड़ी मेहनत से हर मुश्किल को आसान बना लिया। धर्मेंद्र अब काफी समय से महाराष्ट्र के लोनावला स्थित अपने फार्महाउस पर रह रहे हैं। इसमें स्वीमिंग पूल समेत सारी लग्जरी सुविधाएं हैं। यहां धर्मेंद्र खेती भी करते हैं और काफी स्टाफ भी



रखा हुआ है। धर्मेंद्र वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करते रहते थे। उनके इस फार्महाउस की कीमत 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। धर्मेंद्र के पास दो घर भी हैं, जिनमें से एक 20 करोड़ तो दूसरा 48 करोड़ रुपए के आसपास है। रिपोर्ट के मुताबिक, धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ रुपए की और भी संपत्ति है, जो महाराष्ट्र में ही है। 1 करोड़ 55 लाख रुपए की खेती की जमीन है, जिस पर धर्मेंद्र का रिजॉर्ट बनाने का प्लान था। धर्मेंद्र के पास कई लग्जरी गाड़ियां भी हैं, जिनमें 1960 में खरीदी उनकी फिएट से लेकर विंटेज फिएट और मर्सिडीज बेंज तक, शामिल हैं।

## धरम पाजी की वो फिल्में... जिनके किरदारों ने उन्हे बुलंदियों तक पहुंचाया



**सत्यकाम** :1969, गंभीर मुद्रा में भी माहिर



**फूल और पत्थर** : 1966, इसी फिल्म से बने थे ही-मैन



**सीता और गीता** : 1972, जैसी भूमिका वैसे एक्प्रेशन



**मेरा गांव मेरा देश** :1971, सुपर हिट, धर्मेंद्र को सराहा गया



**शोले** : 1975, बसंती इन कुत्तों के सामने मत नाचना : हिट डायलॉग

# ट्रायल देकर गायब हुए ड्रोन, दो साल बाद भी अधूरी हवा के रास्ते दवा पहुंचाने की योजना

## रायपुर के पांच क्षेत्रों में हुआ था ट्रायल, दवा के साथ ब्लड सैंपल कलेक्शन की थी मंशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बड़े स्वास्थ्य केंद्रों से छोटे हेल्थ सेंटरों तक आकाश मार्ग से दवा पहुंचाने और ब्लड सैंपल की रिपोर्ट कलेक्शन करने का काम दो साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। शुरुआती दौर में रायपुर समेत पांच इलाकों में ड्रोन को काफी दूर स्थित स्वास्थ्य केंद्र तक भेजने की योजना बनाई गई थी।

ट्रायल के दौरान ड्रोन उड़े और उसके बाद योजना के साथ गायब हो गए। उस दौरान दावा किया गया था कि ड्रोन की मदद लिए जाने परिवहन में लगने वाले समय की काफी बचत होगी। केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में ड्रोन के सदुपयोग के लिए लाई गई योजना को छत्तीसगढ़ में भी लागू किए जाने की तैयारी है। इसके लिए दो साल पहले काम भी शुरू हुआ है, मगर योजना प्रारंभिक चरण यानी ट्रायल से बाहर नहीं निकल पाई है। योजना के मुताबिक जिन इलाकों में वाहनों की आवाजाही आसानी पूर्वक नहीं हो पाती, वहां हवा के रास्ते यानी ड्रोन से दवा पहुंचाने की योजना थी। साथ ही अन्य स्वास्थ्य केंद्रों से जांच के लिए ब्लड सैंपल लाने और रिपोर्ट वापस ले जाने के लिए ड्रोन की मदद लेने की मंशा थी। राज्य के कई इलाकों में इस योजना को लागू करने के लिए वहां विभिन्न कंपनियों द्वारा ड्रोन उड़ाने का ट्रायल भी हुआ। स्थानीय और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों ने ट्रायल को सफल करार दिया था। दुखद बात यह रही कि इसके बाद काम आगे नहीं बढ़ पाया और समय बीतने के साथ ड्रोन से दवा पहुंचाने और ब्लड सैंपल लाने की योजना दो साल भी अधूरी रह गई।योजना के दौरान यह माना गया था कि इस सिस्टम के लागू होने के बाद दूर के हेल्थ सेंटरों तक सड़क मार्ग से पहुंचने में लगने वाले अतिरिक्त वक्त की बचत होगी। रक्त संबंधी जांच समय पर होने और रिपोर्ट मिलने से डायग्नोसिस प्रक्रिया सही समय पर शुरू की जा सकेगी।



### सुदूर इलाकों में कारगर

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक ड्रोन से दवा और ब्लड सैंपल की योजना उन इलाकों में कारगर होती जो पहुंच विहीन है। इनमें सरगुजा और बस्तर के सुदुर इलाके शामिल हो सकते है। रायपुर समेत मैदानी इलाकों में आवागमन के पर्याप्त साधन और सुविधा होने की वजह से इसका ज्यादा उपयोग नहीं है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यह योजना अभी प्रक्रियाधीन है।

### इन इलाकों में हुआ था ट्रायल

हेल्थ सेक्टर में ड्रोन की योजना के तहत लगभग दो साल पहले अंबिकापुर के उदयपुर हेल्थ सेंटर तक दवा लेकर ड्रोन उड़ा था। इसके बाद अलग-अलग जिलों में यानी कोंडागांव जिले के सुदुर हेल्थ सेंटर, भरतपुर से चिरमिरी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जशपुर जिला मुख्यालय से ग्राम सन्ना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रायगढ़ जिले के तमनार हेल्थ सेंटर के लिए ड्रोन उड़ाया गया। अंतिम अक्टूबर माह के अंतिम दिनों में एम्स से ट्रायल के रूप में उड़ा ड्रोन 20 किमी दूर धरसींवा तक पहुंचा था। इसके बाद दूसरी बाद यह उड़ान संचालित ही नहीं हो पाई।

### ना एजेंसी ना ट्रेनिंग

योजना के तहत ड्रोन की व्यवस्था के लिए टेंडर के माध्यम से एजेंसी तय की जानी थी। साथ ही ड्रोन में दवा और जांच के लिए भेजे जाने वाले सैंपलों को सुरक्षित रखने के लिए संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों के स्टॉफ को ट्रेंड किए जाने की योजना थी। इसके लिए एजेंसी तय नहीं हो पाई जिसकी वजह से ट्रेनिंग का काम भी अधूरा रह गया। योजना के अनुसार ड्रोन के संचालन के एयर ट्रैफिक सर्विसेस की अनुमति भी आवश्यक था। इसके अलावा अन्य तकनीकी कठिनाई की वजह से काम अधूरा रहा गया।

### ट्रायल हुआ था, आगे सूचना नहीं

धरसींवा स्वास्थ्य केंद्र तक ड्रोन सेवा के लिए ट्रायल हुआ था। उसके बाद आगे की कार्यवाही नहीं हुई है। इस मामले में सारी प्रक्रिया उच्च स्तर पर पूरी होगी।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ रायपुर

---

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन के लिए तैयारियां

# शिक्षा संस्थान, अस्पताल, स्टेडियम, बसस्टैंड व खेल मैदान में आवारा कुत्तों का प्रवेश रोकें: मुख्य सचिव

**हेल्पलाइन 1033, 1100 में शिकायत 72 घंटे में निपटाएं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब सभी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, स्टेडियम, बसस्टैंड एवं खेल के मैदानों में आवारा कुत्तों का प्रवेश रोका जाएगा। यह निर्देश राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिया गया है।

दरअसल आवारा कुत्तों के खतरनाक हमलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का राज्य में पालन कराने के लिए मुख्य सचिव ने यह निर्देश दिए हैं। यही नहीं, राज्य के नगरीय निकायों से ये भी कहा गया है कि छह सप्ताह में इन सभी स्थानों पर बांउड्रीवाल, गेट और अन्य अधोसंरचना का निर्माण किया जाए, ताकि यहां आवारा कुत्तों का प्रवेश रोका जा सके।

### ये है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने एक स्वतः संज्ञान प्रकरण में सुनवाई के बाद आवारा कुत्तों के मामले में अंतरिम निर्णय पारित किया है। इसके पालन में संस्थागत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, राष्ट्रीय एक्सप्रेस वे, में आवारा गोवंशीय एवं अन्य पशुओं के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली बैठक में विचार विमर्श कर निर्देश को राज्य में लागू करने के लिए विचार किया गया।

### यहां नहीं घुसने दिए जाएं कुत्ते

यह भी कहा गया है कि नगरीय निकाय के अधीन स्टेडियम स्पोर्ट काम्पलेक्स में आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश नहीं करे न ही वहाँ रहें। नगरीय निकाय द्वारा बस स्टैंड, डिपो परिसर में आवारा कुत्तों के निवास या आवागमन को रोके। आवारा कुत्तों की नसबंदी, डिवार्मिंग एवं टीकाकरण हेतु पशु चिकित्सकों से कराएं।

### आवारा कुत्तों के लिए आश्रय स्थल

निर्देश है कि प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में आवारा कुत्तों के लिये सुविधा युक्त आश्रय स्थल बनाये जाने तथा पुराने शासकीय भवन,बाड़ा को अस्थायी आश्रय स्थल के रूप में चिन्हांकित किया जावे अथवा आवश्यकतानुसार लो-कॉस्ट अस्थायी आश्रय स्थल बनाया जावें। उक्त आश्रय स्थल में नोटिस बोर्ड प्रदर्शित कर फोटोग्राफ लिया जाए। संस्थाओं के परिसर में पाए जाने वाले प्रत्येक आवारा कुत्ते को तुरंत हटाने और पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के अनुसार, नसबंदी और टीकाकरण के बाद आश्रय स्थल में स्थानांतरित करे या अन्यत्र छोड़े। किसी भी स्थिति में उसी स्थान पर वापस न छोडा जावे।

### भोजन का इंतजाम भी

समस्त नगरीय निकाय में वार्डवार आवारा कुत्तों के लिये भोजन स्थल चिन्हांकित करें। चिन्हांकित भोजन स्थल का प्रचार-प्रसार किया जायें। जिससे कि उक्त स्थल में ही भोजन उपलब्ध हो सके। बडे वार्ड होने पर एक से अधिक स्थानों पर भोजन स्थल चयन किया।मवेशियों को गौठान या कांजी हाउस में रखें। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग से आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान गौशाला कांजी हाउस में रखें। आवारा पशु मंदिर/सामाजिक संस्थाओं को भी दिये जा सकते हैं। सड़कों पर मवेशी दिखाई नहीं दे। पेट्रोलिंग का अभियान चलाया जा कर आवारा पशुओं का व्यवस्थापन किया जावें। यही नहीं हेल्पलाइन 1033, 1100 पर इस संबंध में कोई शिकायत आए तो 72 घंटे में उसका निराकरण करना होगा।

### अब निकायों को ये करना होगा

मुख्य सचिव की बैठक में दिए गए निर्देश के हवाले से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ के लिए आदेश जारी किया गया है। निकायों से कहा गया है कि 3. सभी चिन्हित संस्थानों ( सभी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, स्टेडियम, बस स्टैंड एवं खेल के मैदानों में)के निरीक्षण हेतु समस्त नगरीय निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जावें। परिसर के रखरखाव, सफाई के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश न करे तथा वहाँ नहीं रहें। इस हेतु संस्थान के प्रशासनिक प्रमुख द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त की जाए। नोडल अधिकारी का नाम, मोबाईल नम्बर प्रवेश द्वार के निकट प्रदर्शित किया जावें। (जो स्पष्ट दिखे, मिटे नहीं)। नाम पट्टिका सहित नोडल अधिकारी का फोटोग्राफ शामिल किया जाए।

---

# जिला अध्यक्षों की सूची पर राहुल की स्वीकृति के बाद लगेगी मुहर

- तेलगांना और राजस्थान की सूची जारी, छत्तीसगढ़ की सूची अटकी

**रायपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। 17 अक्टूबर तक सभी जिलों के पर्यवेक्षकों ने ब्लॉक कांग्रेस की राय लेकर संभावित नामों की सूची एआईसीसी को सौंप दी थी। 41 जिलाध्यक्षों में नए चेहरों को मौका मिल सकता है। नए जिला अध्यक्षों की सूची लंबे समय से एआईसीसी में अटकी हुई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सूची को अंतिम रूप देने से पहले राहुल गांधी की प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ होने वाली बैठक के बाद जारी होगी।

छत्तीसगढ़ में संगठन को नया और सक्रिय स्वरूप देने के उद्देश्य से बदलाव किया जा रहा है। संगठन में नियुक्ति के लिए एआईसीसी ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से भी राय ली है। पर्यवेक्षकों ने अपनी पूरी रिपोर्ट देने के साथ ही एआईसीसी को पूरा फीडबैक दे दिया है। ऐसे में यह माना जा रहा था कि नवंबर के अंत में सूची आ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि राज्य के वरिष्ठ नेताओं से राय लेने के बाद अब राहुल गांधी, एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की एक और बैठक होगी। बैठक में आए सभी नामों पर चर्चा के बाद सक्रिय लोगों के नाम जारी किए जाएंगे। बिहार चुनाव के कारण इस पर होने वाली बैठक नहीं हो पाई, जो जल्द होगी।

### जल्द आएगी जिला अध्यक्षों की सूची



जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राजस्थान और तेलंगाना दोनों राज्यों की जिला अध्यक्षों की सूची आ गई है। हम चाह रहे हैं कि सूची जल्द आ जाए, ताकि संगठन के बहुत सारे काम हो सकें। बहुत जल्द छत्तीसगढ़ की सूची आएगी।

### वरिष्ठ नेताओं में खींचतान

जिलों से जिन नामों का पैनल गया है, उनमें अधिकतर ऐसे लोग शामिल हैं, जो पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के खेमे से हैं। नामों को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं में खींचतान मची हुई है। ऐसे में देखना यह है कि जो नार्म्स संगठन ने तय किए हैं, उन पर वे कितने फिट बैठते हैं। वहीं राज्य में राजनीतिक समीकरण के हिसाब से नामों को तय करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि अब होने वाली बैठक में किन नामों को तवज्जो देते हैं, यह बैठक के बाद ही तय हो सकेगा।

### कल आएंगे पायलट

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट 26 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। बताया गया है कि वे यहां पर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर कार्यक्रम की पार्टी स्तर पर समीक्षा के लिए आ रहे हैं। कांग्रेस द्वारा बूथों में बनाए गए बीएलए के माध्यम से पूरे प्रदेश में एसआईआर की जानकारी लेंगे। वहीं पार्टी की निगरानी समिति से अब तक प्रदेश की रिपोर्ट भी लेंगे।

---

# लिखित परीक्षा के जरिए भरे जाएंगे नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के पद

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा तिथि का एलान कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 14,967 रिक्तियों को भरने का उद्देश्य है। भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण, यानी टियर 1 परीक्षा, जनवरी 2026 में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार सीबीएसई, नवोदय विद्यालय अथवा केंद्रीय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध आवेदन लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने और फीस भुगतान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इस भर्ती का लक्ष्य केवीएस में 9126 और एनवीएस में कुल 5841 पदों को भरना है। सहायक आयुक्त के 17, प्रधानाचार्य के 227, उप प्राचार्य के 58, स्नातकोत्तर शिक्षक के 2978, पीजीटी के 1, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के 5772, तृतीय भाषा शिक्षक के 443, लाइब्रेरियन के 147, प्राथमिक शिक्षक के 3365 सहित 1931 पद गैर शैक्षणिक स्टाफ के हैं। इनमें छग के केंद्रीय विद्यालयों में रिक्त पद भी शामिल हैं।

### जनवरी में होगी परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती अधिसूचना के अनुसार, टियर-1 परीक्षा 10 और 11 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र, आवंटित परीक्षा शहर, परीक्षा कार्यक्रम और टियर-1 के प्रवेश पत्र की जानकारी उम्मीदवारों के ऑनलाइन लॉगिन में समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि, उम्मीदवार परीक्षा से जुड़ी ताजा जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें।

**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग,
कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495009
वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in,
ईमेल आईडी registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/224/यांत्रिकी/निविदा/2025 बिलासपुर, दिनांक 24.11.2025

**सूचना**

निविदा क्र.no.4/Engg./ABVV/Tent services /2025, Bilaspur Dated 24.11.2025 के माध्यम से विश्वविद्यालय में छठवाँ दीक्षान्त समारोह के लिए टेंट कार्य हेतु निविदा मंगाया गया है। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.11.2025 समय 03.00 बजे शाम तक है।

अन्य एवं विस्तृत जानकारी के लिए देखें वेबसाईट : www.bilaspurunivesity.ac.in.

कुलसचिव

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)**
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh,
ph-07762-220741 E-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक / चिकि.महा. / क्रय/ 2025-26/11765
रायगढ़ दिनांक 21.11.25

**संक्षिप्त ई-निविदा निरस्तीकरण सूचना**

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय / चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ विभिन्न विभागों के लिए Hand Instruments क्रय के लिए दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु अधिकृत विक्रेता फर्म/ निर्माता कम्पनियों से कार्यालयीन पत्र क्रमांक / चिकि.महा. / क्रय / 2025-26/11149 रायगढ़ दिनांक 04.11.2025 के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति,
जी. 252604977/2 शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

---

# सफेद भालू को बीमार बताने की साजिश कर ग्रीन जूलॉजिकल पार्क को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जंगल सफारी में मनमानी चरम पर है। आंबानी के जू को लाभ पहुंचाने सफारी प्रबंधन ने ऐसी साजिश रची कि रेयर प्रजाति के सफेद भालू के शावक को सौंपने सफारी प्रबंधन ने बीमार बता दिया। सफेज भालू के बदले में राधा कृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से दो जेब्रा, मीरकैट ले आए। एल्बिनो स्लॉथ बीयर अर्थात सफेद भालू दुनियाभर में विरली प्रजाति का वन्यजीव है।



जैनेटिक समस्या की वजह से सफेद भालू का जन्म होता है। जिन तीन सफेद भालू के शावकों को सौंपा गया है, उन भालुओं को मरवाही के जंगल से रेस्क्यू कर जंगल सफारी में रखा गया था। सफेद भालू को बीमार बताकर अंबानी के जू को सौंपे जाने की पुष्टि आरटीआई से निकाली गई जानकारी से हुई है। गुजरात जामनगर स्थित ग्रीन जूलॉजिकल पार्क के आवेदन पर सीजेडए ने 28 अप्रैल 2024 को चार सामान्य काले भालू के बदले दो जेब्रा तथा चार मीरकैट की अदला-बदली करने स्वीकृति दी थी। सीजेडए की उक्त स्वीकृति 27 नवंबर 2024 तक वैध थी। सफारी में सफेद भालू आने के बाद 23 अगस्त 2024 को और सफेद भालू आने के बाद जंगल सफारी के तत्कालीन डायरेक्टर ने राधा कृष्ण वेलफेयर ट्रस्ट को पत्र लिख कर अपने यहां जू में सफेद भालू के होने की जानकारी दी। इसके बाद तत्कालीन पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल से टेलिफोनिक चर्चा का हवाला देकर सफेद भालू का उचित उपचार करने राधा कृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट भेजने प्रस्ताव भेजा।

### एल्बिनो का नाम रिकार्ड में नहीं

जिस एल्बिनो भालू को राधाकृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट को सौंपा गया है, उस भालू के सफारी के रिकार्ड में दर्ज नहीं होने की जानकारी मिली है। साथ ही सफेद भालू को सफारी में अलग से रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। सफारी में वन्यजीव देखने आने वाले लोगों के लिए सफेद भालू को कभी पेश नहीं किया गया।

### शासन ने दिए जांच के आदेश

वन्यजीवों की अदला-बदली में गड़बड़ी मिलने की जानकारी मिलने पर राज्य के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 जुलाई 2025 को जांच के निर्देश जारी किए हैं। जांच के आदेश के चार महीने बाद क्या कार्रवाई की गई है, इसकी रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है।

---

# विवि भेजेंगे प्रोफेसर्स की लिस्ट, ये सिखाएंगे स्कूली शिक्षकों को पढ़ाई के नए तरीके

**रायपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों को एक नई एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे अनुरोध किया गया है कि वे अपने संस्थान के ऐसे अनुभवी प्राध्यापकों की पहचान करें और नामांकन भेजें जो नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग (एनएमएम) के तहत मेंटर की भूमिका निभा सकें।

यह कदम शिक्षा मंत्रालय द्वारा देशभर में मेंटरिंग व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास के तहत उठाया गया है, ताकि विश्वविद्यालयों के अनुभवी प्राध्यापक स्कूल शिक्षकों को औपचारिक ढंग से मार्गदर्शन दे सकें। नोटिफिकेशन के अनुसार, ऐसे प्रोफेसर जिनके पास कम से कम आठ वर्ष का शिक्षण अनुभव है, उन्हें नेशनल मेंटर के रूप में शामिल किया जा सकता है। चुने गए मेंटर एनसीटीई (नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन) द्वारा संचालित एनएमएम पोर्टल के माध्यम से व्यक्तिगत और समूह आधारित मेंटरिंग सत्र आयोजित करेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र. 1019/न.पा./लो.नि.वि./2025-26, मुंगेली, दिनांक : 24/11/2025

**-: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 180283 | नगर पालिका परिषद मुंगेली अंतर्गत Non electric chlorination unit सहित पॉवर पम्प सप्लाई एवं स्थापना कार्य। | 21.74 | 10.12.2025 |
| 180284 | वार्ड क्र. 08 में भोपसिंह गेट से संजय सिंह पाल के प्लाट तक, आनन्द भवन के घर के पीछे से पंजवानी के प्लाट आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 26.52 | 10.12.2025 |

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

**SALE NOTICE**
**VANDANA VIDHYUT LIMITED (In Liquidation)**
Liquidator: Mr. Sanjay Gupta
Liquidator Address: AAA House, 64, Okhla Estate Marg, behind Modi Mills, Okhla Phase III, Okhla Industrial Estate, New Delhi, Delhi 110020 Email: vandana.vidhyut@aaainsolvency.com, assetsale1@aaainsolvency.in sanjaygupta@aaainsolvency.com, Mob.- 8800865284 (Mr.Wasim)

**E-Auction**
**Sale of Assets under Insolvency and Bankruptcy Code, 2016**
**Date and Time of E-Auction: 20 December, 2025 at 3.00 pm to 5.00 pm**
**(With unlimited extension of 5 minutes each)**
**Last Date of EMD submission: 18 December, 2025 till 7 PM**

Sale of Assets and Properties owned by Vandana Vidhyut Limited - In Liquidation ("CD") forming part of Liquidation Estate formed by the Liquidator, appointed by the Hon'ble National Company Law Tribunal, Cuttack Bench vide order dated 16th December, 2019. The sale will be done by the undersigned through the E-Auction platform i.e. BaankNet having website at: **https://baanknet.com/**

| Particulars of the Asset | Block | Reserve Price (INR) | Initial EMD Amount (INR) | Incremental Value (INR) |
|---|---|---|---|---|
| Non-Current Investments of the CD i.e. Total **23,06,156 shares of Vandana Global Ltd.** | A | 3,83,39,704 | 38,33,970 | 8,00,000 |
| Non-Current Investments of the CD i.e. Total **3,00,000 shares of Ganga Shipping Logistics & Solution Pvt. Ltd** | B | 1,75,75,499 | 17,57,550 | 1,00,000 |
| Non-Current Investments of the CD i.e. Total **3,50,000 Share of Nirsons Infrastructure Pvt. Ltd** | C | 1,62,03,774 | 16,20,377 | 1,00,000 |
| Non-Current Investments of the CD i.e Total **2,09,600 Shares of V G Real Estates Private Limited** | D | 1,25,59,631 | 12,55,963 | 1,00,000 |
| Non-Current Investments of the CD i.e Total **37,400 Shares of Kalawati Ispat & Power Pvt. Ltd.** | E | 24,80,260 | 2,48,026 | 1,00,000 |

**TERMS AND CONDITION**
1. E-Auction will be conducted on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS", "WHATEVER THERE IS BASIS" AND "WITHOUT RECOURSE BASIS" as such sale is without any kind of warranties and indemnities through approved service provider at IBBI eAuction Portal by BAANKNET at **(https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home**
2. As per Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulations, 2016, Schedule I "Mode of sale" Clause 1(5A), Bidders must declare they aren't disqualified under Section 29A; However, any EMD so submitted will be forfeited if ineligibility is later established.
3. Please note that EMD has to be deposited through Baanknet auction platform only along with all the required documents.

Sd/-
**Sanjay Gupta**
**Date- 22.11.2025**
**Place: New Delhi**
**Liquidator in the matter Vandana Vidhyut Limited**
**IBBI (Regn. No-IBBI/IPA-001/IP-P00117/2017-2018/10252)**
**Address: AAA House, 64, Okhla Estate Marg, behind Modi Mills, Okhla Phase III, Okhla Industrial Estate, New Delhi, Delhi 110020**
**Contact Person: Md Wasim, Mr. Asim & Mr. Ritu Raj (+91-8800865284)**

प्रारूप-एक
(नियम 11 देखिये)

**कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव**
**छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अधिसूचना**

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत
नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात

| जिला | तहसील | ग्राम/नगर | क्षेत्रफल (हे.) में | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| रायगढ़ | रायगढ़ | साल्हेपाली | 0.716 | साल्हेपाली एनीकट योजना हेतु |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण, के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक- 12/12/2025 को (समय) 11 बजे (स्थान) ग्राम पंचायत भवन साल्हेपाली पर नियत की गई है।
प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :-
(एक) लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण :- साल्हेपाली एनीकट योजना हेतु
(दो) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या- 15
(तीन) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या : निरंक
(चार) प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या : निरंक
(पाँच) प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकान तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या निरंक
(छ) क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ? हॉ
(सात) क्या संभव विकल्पों और इसकी साप्यता पर विचार कर लिया गया है? हों।
(आठ) परियोजना की कुल लागत 1906.82 लाख
(नौ) परियोजना से होने वाले लाभ सिंचाई हेतु
(दस) प्रस्तावित सामाजिक समाधान की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय :- 05 लाख।
(ग्यारह) परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक : निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी / सुझाव देना हो, तो विहीत तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी / सुझाव देना हो, तो विहीत तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

G 252604970/1
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू अर्जन अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)
कलेक्टर रायगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**कारण बताओं नोटिस**

क्रमांक / 4581/वाचक-1/2025 सारंगढ़-बिलाईगढ़, दिनांक 18/11/2025
प्रति,
**श्री संजय सादिजा, मेसर्स भवानी आटा चक्की,**
**दलदल सिवनी मोवा, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9425209007, 7828104090**

**विषय:- कारण बताओ नोटिस अंतर्गत धारा 50,51,52,55 एवं 58 खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 ।**

सुश्री संध्या महिलांग, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ. ग.) द्वारा दिनांक 18/05/2022 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान-मेसर्स देवांगन जनरल स्टोर्स नगर पालिका चौक, रायगढ़ रोड़ सारंगढ़ तहसील-सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की जांच श्री अंकित गुप्ता की उपस्थिति में की गई। निरीक्षण के दौरान फर्म में विक्रय हेतु रखे गये सूर्या सुरूचि बेसन 500 gm में शंका होने पर 45 रूपये/पैकेट की दर से 4 पैकेट नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जांच हेतु कय की गई। सील बंद नमूने की जांच खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर में डाक से भेजा गया था। मौके पर क्रय किये गये उक्त संपूर्ण कार्यवाही का मौके पर पंचनामा तैयार किया गया।

खाद्य विश्लेषक श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, कालीबाड़ी रायुपर (छ.ग.) द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन क्रमांक FTL/AKS/7/2022/1259 जावक क्रमांक AKS/1922 दिनांक 07.09.2022 के द्वारा उक्त खाद्य नमूना को अमानक एवं मिथ्याछाप घोषित किया गया है।

आपके उपरोक्त कृत्य से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(1), 26(2)(ii), 26(4) व 27 (1) का उल्लंघन हुआ है जो उक्त अधिनियम की धारा 50,51,52,55 एवं 58 के तहत दण्डनीय है।

अतएव कारण बतायें कि उपरोक्त उल्लंघन के लिये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के तहत आपको 5,00,000/- (अक्षरांक पांच लाख रूपये) तक अर्थदण्ड अधिरोपित क्यों न किया जाये। दिनांक 08/12/2025 को आप स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं
न्याय निर्णय अधिकारी
जी. 252604964/1 सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

# भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

## ग्लोबल रेटिंग्स एजेंसी एसएंडपी ने जताया अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कर कटौती और मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून अवधि में पांच तिमाहियों में सबसे तेज 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि अनुमानों के आधिकारिक आंकड़े 28 नवंबर को जारी होने वाले हैं।

### घरेलू वृद्धि मजबूत बनी हुई

एसएंडपी ने अपनी 'इकोनॉमिक आउटलुक एशिया-पैसिफिक रिपोर्ट' में कहा, "हमारा अनुमान है कि भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 को समाप्त) में 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जिसमें जोखिम दोनों ओर संतुलित होंगे। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बावजूद मजबूत खपत से प्रेरित घरेलू वृद्धि मजबूत बना हुई है।"




### आरबीआई 6.8 फीसदी का अनुमान जता चुका

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो गत वित्त वर्ष 2024-25 की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से बेहतर है। एसएंडपी ने कहा, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी।

### उपभोग वृद्धि बड़ा चालक बन सकता है

इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में आयकर छूट को सात लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया है, जिससे मध्यम वर्ग को एक लाख करोड़ रुपये की कर राहत मिली है। आरबीआई ने जून में प्रमुख नीतिगत दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती करके उन्हें तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर ला दिया था। वहीं, 22 सितंबर से करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरें घटा दी गईं जिससे दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं।

## खबर संक्षेप



### पैसालो डिजिटल ने खुले बाजार से बढ़ाई हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** पैसालो डिजिटल लिमिटेड के प्रवर्तक समूह का हिस्सा इक्विलिब्रेटेड वेंचर ने पिछले सप्ताह खुले बाजार लेनदेन के जरिये गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के लगभग 54 लाख शेयर खरीदे हैं। शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार इकाई ने 19 नवंबर को पैसालो डिजिटल के 1.4 लाख शेयर, 18 नवंबर को 8.37 लाख शेयर और 13 नवंबर को 43.94 लाख शेयर खरीदे। इस खरीद के साथ इक्विलिब्रेटेड की कुल शेयरधारिता जुलाई-सितंबर तिमाही के 19.94 प्रतिशत से बढ़कर 20.53 प्रतिशत हो गई।

### कश्मीर के चूना पत्थर ब्लॉक की होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर में पहली बार चूना पत्थर के कुल सात ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। खान मंत्रालय ने यह जानकारी दी।



मंत्रालय ने कहा, " यह केंद्र शासित प्रदेश में खनन ब्लॉक की पहली नीलामी भी है, जो पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धात्मकता और खनिज क्षेत्र में सतत विकास की दिशा में बदलाव को दर्शाती है।" इन खनिज भंडारों को जी3 और जी4 अन्वेषण चरणों के तहत वर्गीकृत किया गया है।

### रबी बुवाई का रकबा पिछले साल से ज्यादा होगा

**नई दिल्ली।** कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि सरकार को उम्मीद है कि गेहूं जैसी रबी (सर्दियों) फसलों का कुल रकबा पिछले साल के 655.88



लाख हेक्टेयर से कहीं ज्यादा होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''रबी की बुवाई पिछले साल के मुकाबले ज्यादा है। अच्छी बारिश हुई है। और कुछ इलाकों में देर से कटाई होने की वजह से इस बार बुवाई में थोड़ी देरी हुई है। लेकिन हमें उम्मीद है कि हम पिछले साल के मुकाबले कहीं अधिक रबी बुवाई करेंगे।''

### रुपया 46 पैसे की तेजी के साथ 89.20 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया सोमवार को 46 पैसे की तेजी के साथ 89.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक



विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.46 प्रति डॉलर पर मजबूती के साथ खुला। कारोबार के दौरान 89.05 से 89.50 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 89.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 46 पैसे की बढ़त है।

### रियल एस्टेट कंपनियों ने बेची 92,500 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** देश की 28 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में लगभग 92,500 करोड़ रुपये की



संपत्तियां बेचीं। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 28 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों की कुल बिक्री बुकिंग लगभग 92,437 करोड़ रुपये रही। बिक्री बुकिंग के मामले में, प्रेस्टिज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि में अग्रणी कंपनी बनकर उभरी, जिसकी पूर्व-बिक्री लगभग 18,143.7 करोड़ रुपये रही। डीएलएफ लिमिटेड दूसरे स्थान पर रही, जिसकी पूर्व-बिक्री लगभग 15,757 करोड़ रुपये रही।

## 'एफपीओ-हॉस्पिटैलिटी एंड फार्मर्स बेनिफिट' विषय पर कहा

# होटल, रेस्तरां सीधे किसान उत्पादक संगठनों से उपज खरीदें: कृषि सचिव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को होटल और रेस्तरां से किसानों की उपज सीधे किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से खरीदने का आग्रह किया ताकि आपूर्ति श्रृंखला से बिचौलियों को हटाकर उत्पादकों के लिए बेहतर लाभ प्राप्त किया जा सके।

- पर्यटकों और लोगों को भोजन का बेहतर अनुभव मिल पाएगा

सचिव ने होटल उद्योग से पर्यटकों और लोगों के भोजन के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए भौगोलिक संकेत (जीआई) वाले खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। चतुर्वेदी ने फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशंस ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के एक कार्यक्रम में कहा, ''देशभर में बड़ी संख्या में होटल और रेस्तरां हैं। अगर आप स्थानीय कृषक समुदाय के साथ साझेदारी करके प्रामाणिक भोजन, सब्जियां, मसाले और अन्य चीजें खरीदते हैं, तो यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद होगा।''

**खास बातें**

- आपूर्ति श्रृंखला से बिचौलियों को हटाकर उत्पादकों को बेहतर लाभ दिया जा सके
- जीआई वाले खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने का भी किया आह्वान



### मंत्रालय वेब आधारित मंच शुरू करने की योजना बना रहा

सचिव ने कृषि मंत्रालय और होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ नार्दर्न इंडिया (एचआरएएनआई) के सहयोग से 'एफपीओ-हॉस्पिटैलिटी एंड फार्मर्स बेनिफिट' विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि देशभर में लगभग 35,000 एफपीओ हैं, जिनमें से 10,000 सरकारी योजनाओं के तहत स्थापित हैं। मंत्रालय एक वेब-आधारित मंच शुरू करने की योजना बना रहा है। इसके तहत एफपीओ अपनी अतिरिक्त उपज को व्यवसायों, होटलों और रेस्टरां द्वारा सीधी खरीद के लिए पंजीकृत कर सकते हैं।

### कृषि का जीडीपी में 18 फीसदी का योगदान

चतुर्वेदी ने कहा, "वे (होटल और रेस्टरां श्रृंखला) वैसे भी स्थानीय मंडियों से फल, सब्जियां, मसाले और अनाज खरीद रहे हैं। हम उनसे अनुरोध कर रहे हैं कि वे सीधे संबंधित किसानों से जुड़े एफपीओ से खरीद शुरू करें।" उन्होंने कहा कि कृषि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18 प्रतिशत का योगदान देती है और 46 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देती है। यह कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों के बीच आय असमानता को उजागर करता है।

### कृषि क्षेत्र दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहा

सचिव ने कहा कि कृषि क्षेत्र दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहा है। पहली चुनौती जोत का छोटा आकार है जो बड़े पैमाने पर उत्पादन और मोल-जोल की शक्ति को सीमित करती है। दूसरी चुनौती, किसानों की उगाई फसलों के भाव और उसकी खुदरा कीमतों के बीच एक बड़ा अंतर का होना है। उन्होंने कहा कि कृषक समुदायों के साथ सीधी साझेदारी मूल्य में इस अंतर को पाटने में मदद कर सकती है।

### जैविक खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ी

चतुर्वेदी ने कहा कि कीटनाशक-मुक्त और जैविक खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। जैविक या प्राकृतिक उत्पाद उत्पादित करने वाले किसान समूह प्रमाणित जैविक खरीद के लिए होटल और रेस्तरां के साथ गठजोड़ कर सकते हैं। उन्होंने भौगोलिक संकेत वाले उत्पादों के बारे में कहा कि भारत में बासमती चावल के अलावा कई पंजीकृत खाद्य उत्पाद हैं, जिनमें खाद्यान्न, सब्जियां, फल और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

# पीएसयू बैंकों की आवास ऋण में हिस्सेदारी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| मुंबई




सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सितंबर में प्रतिस्पर्धी आवास ऋण बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ायी है। कुल मूल ऋण में बैंकों की हिस्सेदारी बढ़कर 50 प्रतिशत हो गयी है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। क्रेडिट सूचना कंपनी क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी बैंकों ने आवास ऋण बाजार में निजी क्षेत्र के बैंकों को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल आवास ऋण में से लगभग 40 प्रतिशत 75 लाख रुपये से अधिक के कर्ज थे। इसमें कहा गया है कि आवास ऋण बाजार, सितंबर के अंत तक सालाना आधार पर 11.1 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 2.1 प्रतिशत बढ़कर 42.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल उपभोग ऋण 15.3 प्रतिशत बढ़कर 109.6 लाख करोड़ रुपये हो गया। स्वर्ण खंड में तेज वृद्धि के कारण इस श्रेणी में कर्ज बढ़ा है। कंपनी के चेयरमैन सचिन सेठ ने कहा, ''सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मूल्य और पहुंच दोनों में अपने बाजार नेतृत्व का विस्तार किया है। और नियामक अनुशासन विभिन्न भौगोलिक और जनसंख्या क्षेत्रों में अधिक जिम्मेदार और व्यापक वित्तीय समावेश को प्रोत्साहित कर रहा है।''

- क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के अनुसार हिस्सेदारी बढ़कर 50 प्रतिशत

### सालाना आधार पर वृद्धि धीमी रही

हालांकि, क्रिफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 'मांग में नरमी और मौसमी कारकों' के कारण उपभोक्ता टिकाऊ वस्तु श्रेणी में सालाना आधार पर वृद्धि धीमी होकर 10.2 प्रतिशत रही। रिपोर्ट के अनुसार, परिसंपत्ति गुणवत्ता के दृष्टिकोण से, 31-180 दिनों के बीच बकाया उपभोग ऋणों के अनुपात में सुधार हुआ है और यह सितंबर में तीन प्रतिशत हो गया, जो जून में 3.1 प्रतिशत और एक साल पहले की समान अवधि में 3.3 प्रतिशत था।

# अदाणी समूह ने पहली छमाही में किया रिकॉर्ड प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अदाणी समूह की कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में मजबूत प्रदर्शन किया है। समूह ने बयान में कहा कि उसने पहली छमाही में 67,870 करोड़ रुपये (7.6 अरब अमेरिकी डॉलर) का निवेश किया जिससे उसकी सकल परिसंपत्तियां 6.77 लाख करोड़ रुपये (76 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गईं। वह 1.5 लाख करोड़ रुपये के अपने पूरे साल के पूंजीगत व्यय के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अदाणी समूह की पिछले 12 महीने की कर पूर्व आय (एबिटा) 92,943 करोड़ रुपये (10.4 अरब अमेरिकी डॉलर) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई जो सालाना आधार पर 11.2 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कर पूर्व आय 47,375 करोड़ रुपये रही जिसमें 83 प्रतिशत योगदान समूह की प्रमुख यूटिलिटी इकाइयों, परिवहन एवं बुनियादी ढांचा परिचालन का रहा। परिसंपत्तियों पर प्रतिफल बढ़कर 15.1 प्रतिशत हो गया जो बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है। निवेश चक्र में तेजी के बावजूद ऋण संकेतक मजबूत बने रहे। शुद्ध ऋण से कर पूर्व आय अनुपात सुधरकर तीन गुना हो गया जो समूह की 3.5-4.5 गुना की निर्देशित सीमा से काफी कम है।

- पहली छमाही में 67,870 करोड़ रुपए का किया निवेश

### बुनियादी ढांचा मजबूत वृद्धि दर्ज कर रहा

*सीएफओ ने कहा, " हमारा प्रमुख बुनियादी ढांचा कारोबार लगातार दो अंक की मजबूत वृद्धि दर्ज कर रहा है जबकि हम सबसे बड़े पूंजीगत व्यय कार्यक्रमों में से एक को क्रियान्वित कर रहे हैं।" सिंह ने कहा कि पूंजीगत व्यय दोगुना होने के बाद भी ऋण 'मीट्रिक' मार्गदर्शन से नीचे बने हुए हैं जो मजबूत वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है।*

# सोना 700 रुपए टूटा चांदी भी कमजोर

सोना घटकर 125400 रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रुपये में मजबूती और कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 700 रुपये घटकर 1,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। बाजार के लोगों ने यह जानकारी दी है। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए, 99.5 शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये घटकर 1,24,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गयी। चांदी भी लगातार तीसरे दिन बिकवाली के दबाव में रही, और 1,000 रुपये टूटकर 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई। सोमवार को, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच बैंकों और आयातकों द्वारा डॉलर की बिकवाली से रुपया 50 पैसे की तेज बढ़त के साथ 89.16 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस और मुद्रा शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''रुपये के मजबूत होने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नरमी की वजह से घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ने के कारण सोने की कीमतें कमजोर खुलीं।

# एनबीएफसी की एयूएम वृद्धि 18 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| मुंबई




रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) ग्राहक ऋण बोझ बढ़ने से कुछ क्षेत्रों में सतर्क रुख अपनाने के बावजूद प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) में 18 प्रतिशत की वृद्धि बरकरार रखेंगी।

- ग्राहक ऋण बोझ बढ़ने से कुछ क्षेत्रों में सतर्क रुख


इसके साथ ही क्रिसिल रेटिंग्स ने अनुमान लगाया है कि उद्योग का कुल एयूएम वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। क्रिसिल के मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा, ''एनबीएफसी सूक्ष्म, लघु एवं मझोली कंपनियों (एमएसएमई) और असुरक्षित ऋण श्रेणियों में जोखिम को ध्यान में रखते हुए वृद्धि अपनाएंगी।''

एयूएम का छह प्रतिशत हिस्सा असुरक्षित या बिना गारंटी वाले एमएसएमई ऋण का है लेकिन यह उधारकर्ताओं के अधिक ऋण बोझ के कारण बढ़ती अनियमितताओं से प्रभावित हैं। इस श्रेणी में एयूएम वृद्धि 31 प्रतिशत से घटकर 13–14 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एयूएम में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्तिगत ऋण की वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 के 18 प्रतिशत से बढ़कर 22–25 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है लेकिन यह आंकड़ा भी 2023-24 के 37 प्रतिशत से कम होगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती और महंगाई में नरमी से खुदरा ऋण मांग को सहारा मिलेगा।

### बैंक वैकल्पिक स्रोतों से पूंजी जुटा रहे

क्रिसिल के वरिष्ठ निदेशक अजीत वेलोनिये ने कहा कि बड़े एनबीएफसी बैंकों के अलावा वैकल्पिक स्रोतों से भी पूंजी जुटा रहे हैं, जबकि छोटे संस्थानों के लिए विकल्प सीमित हैं।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट




**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। सतर्क निवेशकों की अंतिम समय में बिकवाली और किसी ठोस संकेतक के अभाव में सेंसेक्स 331 अंक गिर गया जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के नीचे आ गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 331.21 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,000 के नीचे 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 521.81 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,959.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद, सोमवार को बाजार आखिरी आधे घंटे में बिकवाली के कारण गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी सूचकांक 26,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर नहीं टिक सका। अमेरिका-भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देरी जैसी चीजों को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।" नायर ने कहा, "आईटी शेयरों में चुनिंदा लिवाली से कुछ समर्थन मिला।

# एआई कारोबार का कायाकल्प करने वाली हकीकत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉजिस्टिक प्रौद्योगिकी कंपनी शिपरॉकेट के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) साहिल गोयल ने कृत्रिम मेधा (एआई) को कारोबार एवं उद्योगों का कायाकल्प करने वाली हकीकत बताते हुए कहा है कि एआई से जुड़ी आशंकाएं इसकी दीर्घकालिक उपयोगिता और उद्योगों पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज करती हैं। गोयल ने बातचीत में कहा, "एआई शुद्ध सकारात्मक है, क्योंकि यह हमारे हाथों में ज्यादा समय वापस ला रहा है। प्रौद्योगिकी हमेशा ही ऐसा करती आई है, इसलिए इसे बुरा कहना गलत है।" वैश्विक स्तर पर एआई में संभावित निवेश अधिकता को लेकर बहस जारी है, क्योंकि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां चिप, डेटा सेंटर और अवसंरचना पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं।



### एआई से बड़ा क्षेत्र रोबोटिक्स का होगा

सीईओ ने लोगों से एआई को अपनाने, सीखने और उपयोग शुरू करने की अपील करते हुए कहा, "यह किसी भी तरह से अतिरेक नहीं है। एआई सब कुछ बदल देने वाली प्रौद्योगिकी है। आज एआई एजेंट कॉल कर सकते हैं, रेस्तरां में बुकिंग कर सकते हैं। यह इतनी सरल हो चुकी है। आने वाले समय में एआई के सहज अनुप्रयोगों से दस गुना बड़ा क्षेत्र रोबोटिक्स का होगा।"

### इंटरनेट बना अर्थव्यवस्था का आधार

गोयल ने 2000 के दशक में इंटरनेट को 'सनक' बताने वाली बहस का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भी संदेह था, लेकिन आज इंटरनेट हर कारोबार और अर्थव्यवस्था का आधार है।

### एआई से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में उछाल

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एआई से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेज उछाल और फिर अचानक गिरावट ने पश्चिमी बाजारों में आशंकाएं बढ़ाई हैं। गोयल ने इस संदर्भ में कहा कि एआई से जुड़ा मूल्यांकन केवल बाजार की प्रतिक्रिया है, इसे प्रौद्योगिकी के मूल्य या रोजगार पर उसके प्रभाव से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "एआई लंबे समय में हमारे पक्ष में ही काम करेगा।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/5460 Korba West, dtd.2111.2025
(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1380/2025.
**Online tenders** are invited from experienced & prospective Firms for the following Works/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100047618 | One time soil blanketing in the nearby area of previously laid ash pipe line just prior of MGR bridge of abandoned ash dyke daganiyakhar of HTPS, Korba West. | 590/- | 14,845/- | 12.12.2025 |
| 2. | Rfx No. 8100046719 | Complete cleaning by excavation & transportation of ash from Marked location & then filling of soil followed by compaction & finally levelling of Marked location near ash pipeline of AH-I, KWB. | 590/- | 14,685/- | 12.12.2025 |

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. . 2. Quantity as per tender schedule.
SUPERINTENDING ENGINEER (C-I)
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**
Phone: 07775-266355/Fax: 07775-266956/
Email Id:- nagarpalikasurajpur@gmail.com
क्रमांक/875 /न.पा.प/2025-26 सूरजपुर, दिनांक 24/11/2025
**दुकान नीलामी हेतु संशोधित सूचना**
नगर पालिका परिषद् सूरजपुर के द्वारा हाई टेक बस स्टैण्ड में नव निर्मित 54 दुकानों की आम नीलामी कार्यालयीन पत्र क्र./790 दिनांक 10.11.2025 को प्रकाशित नीलामी सूचना किया गया था जिसको SIR के कारण से संशोधित करते हुए आम नीलामी दिनांक 23/12/2025 का नगर पालिका परिषद् सूरजपुर में समय 11:00 बजे किया जाएगा एव दुकान नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति दिनांक 19/12/2025 तक निर्धारित अमानत राशि कार्यालयीन अवधि निकाय में एफ.डी.आर/टी.डी.आर/डी.डी. जमा कर सकते है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**एसएलआर/एलवीपीएच पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी सूचना**
ई-नीलामी सूचना सं.: लीज-केजीपी-25-22 दिनांक 24.11.2025
राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा **ट्रेनों में पार्सलों के परिवहन हेतु 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएच पट्टे पर प्रदान करने** हेतु ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं, जिसे **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट पर अधिसूचित कर दिया गया है। **श्रेणी:** पार्सल, **सूचीपत्र सं.:** लीज-केजीपी-25-22; **ई-नीलामी की तारीख:** 05.12.2025; **नीलामी शुरू होने का समय:** सुबह 10.30 बजे। **नीलामी बंद होने का समय:** अपराह्न 04.40 बजे। इच्छुक पार्टियां तथा ठेकेदारगण उपरोक्त विवरण पर ध्यान दें तथा ट्रेनों के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना से संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लेखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।
(PR-874) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शांत हुए बॉलीवुड...

'सच्चा दिग्गज', 'पीढ़ियों के लिए प्रेरणा' और 'असली ही-मैन' कहकर याद किया। धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए फिल्मकार करण करण ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट में कहा, 'यह एक युग का अंत है... मुख्यधारा के सिनेमा में एक नायक का अवतार... वह भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज थे, हैं और हमेशा रहेंगे...लेकिन सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे... उन्हें हमारे फिल्म जगत में सभी बहुत प्यार करते थे।' अभिनेता अल्लू अर्जुन ने 'इंस्टाग्राम' पर दिवंगत अभिनेता की एक तस्वीर साझा की और लिखा, 'दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र जी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। एक शानदार अभिनेता जिन्होंने लाखों दिलों को छुआ।

### एमपी, सीजी और...

कुख्यात नक्सली कमांडर सीसी मेंबर माडवी हिड़मा को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। हिडमा के साथ उसकी पत्नी राजे और उसके गार्ड सहित कुल 6 नक्सली मारे गए थे जिसके बाद से ही नक्सल संगठन में हड़कंप मचा हुआ है। नक्सलियों को मौत का डर सता रहा है और बड़ी संख्या में मारे जाने की आशंका है। ऐसे में पत्र को उसी नजरिए से देखा जा रहा है। **समर्पित केन्द्रीय समिति सदस्यों से भी पहल करने की अपील-** इसके बाद जारी होने वाले पत्र में हथियार छोड़ने की निश्चित तारीख की घोषणा करने की बात कही गई है। इसके अलावा समर्पण करने वाले केन्द्रीय कमेटी सदस्य व पोलित ब्यूरो मेंबर सोनू दादा और सतीश दादा से भी अनुरोध किया है कि तीनों राज्यों की सरकार के पास हमारी बात और पर्याप्त समय देने की मांग रखें। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों से भी अनुरोध किया है कि सरकार व उनके बीच मध्यस्थता करें और हमारे अपील पर गौर करने के लिए सरकार से बात करें।

### समर्पण के लिए...

उनके लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने साफ किया कि नक्सलियों ने तीन माह वाली बात छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के संदर्भ में कही है, लेकिन वे केवल बस्तर के संदर्भ में अपनी बात कह रहे हैं। तीन माह का मोहलत मांगने की जरुरत पर उन्होंने कहा कि नक्सलियों का संगठन टूटा गया है। उनके वर्दीधारी भी सौ डेढ़ सौ ही बचे हैं, उनके पक्ष में काम करने वाले ग्रामीण भी पीछे हट गए हैं।

### हिड़मा के करीबी...

आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि सरकार बस्तर के हर क्षेत्र में समावेशी विकास, स्थायी शांति और वास्तविक परिवर्तन को गति देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, आजीविका कार्यक्रमों और संचार व्यवस्था में हो रहा व्यापक सुधार उन इलाकों को नई ऊर्जा दे रहा है जहां माओवादी गतिविधियों के कारण लंबे समय तक मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच सकी थीं। जो समुदाय कभी भय और अलगाव में जी रहे थे वे अब आत्मविश्वास, आशा और शांति की मजबूत आकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आईजी ने सभी माओवादी कैडरों चाहे वे पीएलजीए इकाइयों में हों, स्थानीय संगठनों का हिस्सा हों या ऊपरी स्तर की संरचनाओं में सक्रिय हों से गंभीर आग्रह किया कि वे हिंसा त्यागें, हथियार छोड़ें और मुख्यधारा में शामिल हों। सरकार की ओर से सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन, पुनर्वास और प्रगति के अवसर हर आत्मसमर्पण करने वाले के लिए उपलब्ध हैं। आईजी ने कहा कि जो भी व्यक्ति ईमानदारी से लौटना चाहता है उसके लिए सुधार और पुनर्वास का रास्ता हमेशा खुला रहेगा। **हिड़मा के करीबी नक्सलियों में यह शामिल-** समर्पण करने वाले नक्सलियों में हिड़मा के करीबी माने जाने वाले बटालियन नम्बर एक के चार कमाण्डर भी शामिल है जिन पर 8-8 लाख रूपए का ईनाम घोषित था। इनमें माड़वी सन्ना, सोड़ी हिड़मे, सूर्यम उर्फ रव्वा सोमा तथा मीना उर्फ माड़वी भीमे के अलावा 5-5 लाख के ईनामी पामेड़ एरिया कमेटी के एसीएम सुनीता उर्फ कुहराम हुंगी, मड़कम पाण्डू, 3 लाख का ईनामी डिप्टी कमाण्डर कुंजाम सिंगा, 2 लाख की ईनामी माड़वी सोमड़ी, एक लाख की ईनामी चिलका उर्फ माड़वी पोज्जे के अलावा मिलिशिया मेंबर नुप्पो बुद्रा, नुप्पो भीमा, मड़कम सुक्का, पोड़ियाम जोगा, पोड़ियाम लखमा तथा कोवासी हिड़मा शामिल हैं।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दन्त रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

### राष्ट्रीय राजधानी में...

डालने और उन पर हमला करने के आरोप में कम से कम 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को सोमवार को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने अदालत को घटना से जुड़ा वीडियो भी दिखाया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांच आरोपियों को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। एक नाबालिग को सेफ हाउस भेजा गया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं। इनमें से एक प्राथमिकी संसद मार्ग पुलिस थाने में जबकि दूसरी कर्तव्य पथ पुलिस थाने में दर्ज की गयी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को प्रदर्शन स्थल पर स्थिति तब बिगड़ गई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने घटनास्थल से हटाए जाने के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर 'पेपर स्प्रे' का इस्तेमाल किया। अधिकारी ने कहा, स्थिति हाथापाई में बदल गई और कुछ प्रदर्शनकारियों ने हमारे कर्मियों पर 'पेपर स्प्रे' का इस्तेमाल किया, जो असामान्य और दुर्लभ हरकत है।'' उन्होंने कहा कि इस घटना के सिलसिले में अब तक पुलिस ने कम से कम 22 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, इंडिया गेट कोई निर्धारित विरोध स्थल नहीं है। प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा गया था। जंतर-मंतर निर्धारित विरोध स्थल है और कोई भी अनुमति लेकर वहां प्रदर्शन कर सकता है। रविवार को प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अवरोधक लांघकर सी-हेक्सगन को जाम कर दिया था। वे एक घंटे से अधिक समय तक सड़क पर बैठे रहे और यहां तक कि यातायात जाम में फंसे लोग भी उनसे रास्ता खाली करने का अनुरोध कर रहे थे। अधिकाी ने बताया कि जब पुलिस दलों ने प्रदर्शनकारियों को जाने के लिए कहा, तो उन्होंने दुर्व्यवहार किया, पुलिसकर्मियों पर हमला किया और कुछ ने तो 'पेपर स्प्रे' का भी इस्तेमाल किया। अधिकारी ने कहा, झड़प के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया। हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। 'द डेल्ही कोआर्डिनेशन कमेटी फॉर क्लीन एयर' ने एक बयान में कहा कि शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए 'गंभीर खतरा' बन गई है और आरोप लगाया कि अधिकारी प्रदूषण के मूल कारणों का समाधान करने में विफल रहे हैं। कमेटी ने आरोप लगाया गया कि वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई है, जबकि सरकार इस समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान खोजने के बजाय जल छिड़काव, कृत्रिम बारिश और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) केंद्र के पास छिड़काव जैसे 'दिखावटी उपायों' को अपना रही है।

### तालिबानी सजा...बच्चे...

कहा। कक्षा के सभी बच्चों ने शिक्षिका को होमवर्क की कॉपी दिखाई। आशीष द्वारा होमवर्क पूरा नहीं करने पर शिक्षिका ने जमकर नाराजगी जताई तथा होमवर्क नहीं करने पर कड़ी सजा देने की बात कही। शिक्षिका 3 साल के आशीष को पकड़कर स्कूल परिसर स्थित बगीचे में ले गई एवं टी शर्ट के सहारे उसे पेड़ पर लटका दिया। स्कूल के पास से गुजरने वाले ग्रामीणों ने शिक्षिका की मनमानी पर जमकर हंगामा मचाया तथा घटना की वीडियों बनाकर सोशल मीडियों पर वायरल कर दी। जैसे ही लोगों को घटना की जानकारी मिली बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल गए तथा शिक्षिका की मनमानी पर जमकर हंगामा मचाया। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी श्री ठाकुर ने मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी ने इस संबंध में परिजन से संपर्क भी किया लेकिन परिजन एफआईआर दर्ज कराने के लिए तैयार नहीं हुए।

### अयोध्या में शुभ...

द्वार से राम मंदिर में प्रवेश करेंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सोमवार को अयोध्या पहुंचे, जिसमें कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। वहीं, हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। ध्वजारोहण समारोह के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद कर दिया गया है। पुलिसकर्मी जगह-जगह पर तैनात हैं। एडीजी जोन सुजीत पांडेय ने ध्वजारोहण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस लाइन में उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को कार्य-व्यवहार और कर्तव्यों का बोध कराया। प्रधानमंत्री मोदी अयोध्यावासियों का अभिनंदन करते हुए श्री रामजन्मभूमि मंदिर जाएंगे। इसके पहले सुबह करीब 10 बजे वह सप्तमंदिर जाएंगे। महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी मंदिर में भी शीश झुकाएंगे। इसके बाद शेषावतार मंदिर भी जाएंगे। सुबह करीब 11 बजे माता अन्नपूर्णा मंदिर जाएंगे। इसके बाद राम दरबार गर्भगृह में दर्शन-पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12 बजे श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा झंडा फहराएंगे। यह आयोजन मार्ग शीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की शुभ पंचमी पर श्रीराम और मां सीता की विवाह पंचमी के अभिजीत मुहूर्त के साथ होगा।

### साय का केंद्र...

संस्थान से हजारों छात्रों, किसानों तथा खाद्य-आधारित उद्यमों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस प्रस्ताव को अत्यंत सकारात्मक रूप से लेते हुए कहा, वे इस विषय पर हरसंभव सहयोग देंगे और इसे गंभीरता से विचार में लेंगे। **वर्ल्ड फूड इंडिया का रीजनल समिट कराने का आग्रहः-** ुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह भी अनुरोध किया कि वर्ल्ड फूड इंडिया के रीजनल समिट का आयोजन रायपुर में किया जाए। उन्होंने कहा, रायपुर की समृद्ध खाद्य परंपरा, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और विविधता ऐसे आयोजन के लिए आदर्श गंतव्य बनाती है। यह फेस्टिवल क्षेत्रीय पाक-परंपराओं को वैश्विक पहचान देगा और नए खाद्य-आधारित उद्यमों के लिए बड़े अवसर उत्पन्न करेगा। उन्होंने कहा, यह आयोजन दिल्ली के वर्ल्ड फूड इंडिया अथवा गुवाहाटी के नॉर्थ ईस्ट फूड फेस्ट की तर्ज पर हर दो वर्ष में आयोजित किया जाए। **राइस ब्रान ऑयल हब के रूप में विकसित होगा छत्तीसगढ़ः-** सीएम ने कहा, राज्य का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को राइस ब्रान ऑयल हब के रूप में विकसित करना है, जिससे तेल आयात पर निर्भरता कम होगी और 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय लक्ष्य को सुदृढ़ समर्थन मिलेगा। आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ और विकसित भारत 2047 का सपना इन्हीं प्रयासों के माध्यम से साकार होगा। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत एवं इन्वेस्टमेंट कमिश्नर रितु सेन उपस्थित थीं।

### मौखिक उल्लेख से...

अनुरोधों पर विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपने पहले दिन लगभग दो घंटे तक 17 मामलों की सुनवाई की। राष्ट्रपति भवन में ईश्वर के नाम पर हिंदी में शपथ लेने के तुरंत बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 53वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। पूर्वाह्न में प्रधान न्यायाधीश के रूप में पहली बार उच्चतम न्यायालय पहुंचने पर उन्होंने न्यायालय परिसर में महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने अदालत कक्ष संख्या एक में तीन न्यायाधीशों की पीठ की अध्यक्षता की, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर भी शामिल थे। दोपहर के समय कार्यवाही शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने हिमाचल प्रदेश द्वारा एक निजी फर्म के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुनाया। फैसला सुनाने के तुरंत बाद, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन' (एससीएओआरए) के अध्यक्ष विपिन नायर ने खचाखच भरे न्यायालय कक्ष में नए प्रधान न्यायाधीश का स्वागत किया। एक वकील ने उन्हें ''किसान का बेटा, जो प्रधान न्यायाधीश बन गया है'' कहकर बधाई दी, जिससे उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जवाब दिया, ''शुक्रिया। मैं चंडीगढ़ के युवा वकीलों को भी देख सकता हूं। काम शुरू करते हुए, नए प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि ''असाधारण'' स्थितियों को छोड़कर, तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध मौखिक उल्लेख के बजाय पर्ची के माध्यम से लिखित रूप में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि आपके पास कोई अत्यावश्यक उल्लेख है, तो कृपया अत्यावश्यकता के कारण के साथ अपनी उल्लेख पर्ची दें; रजिस्ट्रार इसकी जांच करेंगे और उन मामलों में, यदि हमें अत्यावश्यकता का तत्व मिलेगा, तो उस पर विचार करेंगे।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हॅलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** केयर टेकर की आवश्यकता है 24 घण्टे घर की देखभाल सेवा जतन कार्य करने के लिए दुर्ग में महिला केयर टेकर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8319080140, 9340640169 **(39244)**

**आवश्यकता है-** दुकान में स्कूल, कॉलेज उपयोगी सामग्री निकालने, पैक करने, पहुंचाने आदि कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास बिलासपुर निवासी युवक चाहिए (कार्य समय सुबह 11 से रात 9बजे) सम्पर्क करें- 9827174503 **(39240)**

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े के शोरूम में कार्य हेतु अनुभवी लड़के, मैन्स वियर, किड्स वियर सेल्समैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सारथी रेडीमेड, श्रीराम मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 8319617107, 9424153521 **(39241)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में पेमेंट कलेक्शन पैकिंग, साफ सफाई, सेल्समेन (लोकल एवं बाहर टूर) हेतु स्टाफ की आवश्यकता है वेतन अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा रोड बिलासपुर **(39243)**

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लोडिंग, अनलोडिंग कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इंटरप्राइजेस सिटी कोतवाली चौक के पास तेलीपारा रोड बिलासपुर 9907326286 **(39226)**

**आवश्यकता है-** सलवार सूट, लहंगा, ब्लाउज, गाउन सिलाई हेतु अनुभवी महिला, पुरुष टेलर चाहिए। वेतन 25000 से 30000 (प्रोफेशनल सिलाई, कटिंग की बेहतरीन ट्रेनिंग उपलब्ध) पता- परफेक्ट बुटीक, मुंगेली नाका, बिलासपुर 7389444785 **(39223)**

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है रिसेप्शनिस्ट 1, सेल्समेन/सेल्सगर्ल 2 एवं प्यून (चपरासी) 1, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गणेश चौक नेहरू नगर बिलासपुर 8770832241 **(39246)**

**आवश्यकता है-** Ocean Group Company को ऑफिस हेतु युवक, युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं-ग्रेजुएट, आय 8500 से 18000+ रहना, खाना, उम्र 18-28, निःशुल्क भर्ती पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर, 8818877406, 9644433021 **(39247)**

**आवश्यकता है-** देवरीखुर्द कॉलोनी बिलासपुर स्थित दुकान में कम्प्यूटर टायपिंग, ऑन लाईन वर्क, च्वाईस सेन्टर जॉब वर्कर, ब्यूटी पार्लर वर्कर एवं लेडिज टेलर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9301802425 **(39235)**

**आवश्यकता है-** डेयरी में काम करने हेतु राऊत चाहिए उनकी फेमिली को भी यहां काम मिलेगा एवं रहने हेतु बिजली पानी लैट्रिन सहित सर्वसुविधायुक्त कवार्टर मिलेगा। राऊत का काम गाय दुहना, चारा कटिया, दाना गोबर सफाई सब करना पड़ेगा। रेजा को खेत से हरा चारा कटाई करनी पड़ेगी एवं चारा संबंधित सारा काम करना होगा। रोजी- प्रतिदिन राऊत 350/- रेजा 250 सम्पर्क करें- 9575302419 **(39245)**

**आवश्यकता है-** FMCG एवं वेलनेस बिजनेस हेतु एक मार्केटिंग पर्सन चाहिए योग्यता एमबीए, बीफार्मा डीफार्मा बीसीए डीसीए, बीबीए एवं अन्य सभी डिग्रीधारी बायोडाटा व्हाट्स एप करें- 98930 81826, 7067124226 इंटरव्यू, मिलने एवं कॉल करने का समय शाम 5बजे से 10बजे तक **(39233)**

**आवश्यकता है-** Receptionist, & OT नर्स की जरूरत। Receptionist को Computer की जानकारी होना अनिवार्य। Salary अनुभव के आधार पर। सम्पर्क करे- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेन्टर, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर। 9575042809 (10am से 7pm) **(39190)**

**आवश्यकता है-** मारुति वैन चलाने हेतु कुशल ड्राईवर की आवश्यकता है। आधार कार्ड एवं लाइसेन्स सहित सम्पर्क करें- बिलासपुर 8827030822 **(39239)**

**आवश्यकता है-** अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर (युवती) एवं अनुभवी कार ड्राइवर अच्छे व्यवहार वाले की आवश्यकता है आधार कार्ड लाइसेन्स के साथ वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9575558854, 9424185377 **(39236)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गीता इलेक्ट्रीकल्स एण्ड हार्डवेयर सीपत रोड बहतराई चौक बिलासपुर 8839011077, 9827184971 **(39221)**

**आवश्यकता है-** खाना बनाने हेतु पुरुष, महिला कुक चाहिए (खाना नाश्ता सभी के लिए अनुभवी) समय सुबह 8 से शाम 8 बजे तक पता- रामा वर्ड न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 9967299365 **(39219)**

**आवश्यकता है-** UTN शॉप में काम करने हेतु लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है। वेतन 8000 से 12000 सम्पर्क करें- शॉप नम्बर एफएस- 16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 **(39227)**

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25 हजार नोट - नशेड़ी फ़ोन न करें मो. 9982589693, 88155 22974 **(513)**

**आवश्यकता है-** कॉलोनी में 6 सुरक्षागार्ड एवं 2 सुपरवाइजर चाहिए योग्यता 12वीं, उम्र 40वर्ष तक, ड्यूटी 12घंटे एंड्रॉयड फोन चलाने का अनुभवी, वेतन 10000 से 12000 सम्पर्क- सुबह 9 से 11बजे, रामावैली आवासीय सहकारी समिति प्रथम तल ऑफिस नं.-3 शॉपिंग काम्प्लेक्स, रामावैली कॉलोनी बोदरी बिलासपुर 88272 83767, 7999946658 **(39224)**

**आवश्यकता है-** सिक्यूरिटी गार्ड- 2, रिसेप्शनिस्ट/ कैप्टन- 2, किचन हेल्पर (इंडियन, तन्दूर, चाइनीज)- 1 चाहिए वेतन योग्यता अनुसार रहने, खाने की सुविधा सम्पर्क करें- होटल डाउन टाऊन, राजकिशोर नगर बिलासपुर 9144666000, 89829 30155 **(39218)**

**आवश्यकता है-** बिरयानी सेन्टर में काम करने हेतु हेल्पर एवं वेटर लड़के चाहिए बाहरी लड़कों को रहने की सुविधा सम्पर्क करें- खान बिरयानी हरिभूमि प्रेस के सामने, रिंग रोड नं-2, बिलासपुर 70007 63104 **(39210)**

**आवश्यकता है-** पेमेन्ट रिकवरी, फील्ड वर्क, ऑफिस कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी, GST, एकाउंट कोटेशन के अनुभवी लड़के, लड़की, पेमेन्ट वसूली हेतु लड़का चाहिए सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 **(39216)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर की Pvt. Ltd. कम्पनी को मैनेजर-2 (20000- 25000), फिल्ड ऑफिसर- 5 (13000 15000+ पेट्रोल), कांउसलर- 2 (15000- 17000), टेली कॉलर-4 (12000- 15000) कम्प्यूटर आपरेटर (एकाउंटेंट)- 2, (13000- 15000) ऑफिस ब्वाय (प्यून) चाहिए। उम्र 28 से 50वर्ष, अनुभवी ही सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा, बिलासपुर 6269222003, 62692 22001 **(39229)**

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैन्टीन में काउन्टर में खाना देने हेतु लड़के, बर्तन, झाड़ू पोछा, किचन हेल्पर, खाना, नाश्ता मिस्त्री चाहिए रहने खाने की सुविधा, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 88718 24812, 9993334937 **(39211)**

**आवश्यकता है-** डी-कंसल्टेंट इंटीरियर कम्पनी में इंटीरियर डिजाइनर एवं योग्य साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- एम. गैलेरिया कॉम्प्लेक्स प्रथम तल, व्यापार विहार बिलासपुर 7722983234, 62669 66581 **(39215)**

**आवश्यकता है-** नौकरी अवसर क्राउन पब्लिशिंग सरकण्डा, बिलासपुर MS Office and Digital Marketing में 1 से 2 वर्ष अनुभव वाले 12वीं, स्नातकोत्तर लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें 7974794530 **(39213)**

**आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000/- कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षागार्ड 56 वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, FF-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 77470 00016, 7746000016, 7746000019 **(348)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090 **(801)**

**आवश्यकता है-** फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर **(39197)**

**आवश्यकता है-** पेन, पेन्सिल, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 8092366306 **(757)**

**आवश्यकता है-** कुत्ते के आश्रम में दयालु और जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, साफ सफाई, देख-भाल का कार्य 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, 72258 88800 **(6951)**

**आवश्यकता है-** हाऊस कीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्यॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड-10, वार्डब्यॉय-10, ऑफिस ब्यॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000-10000 पता-डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 **(39144)**

## बेचना है

**बेचना है-** प्लाश 39 स्मृतिवन के गेट के सामने, राजकिशोर नगर मेन रोड में 30×50= 1500 वर्गफुट (BDA) 1500 वर्गफुट कमर्शियल दुकान एवं 1500 वर्गफुट 3BHK रेसिडेंशियल मकान सम्पर्क करें- नितिन जैन 83496 58314, 9630195219 **(39232)**

**बेचना है-** परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्वसुविधायुक्त 2BHK मकान 26 लाख एवं 3BHK मकान 27 लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9884261185, 98274 04638 **(39217)**

**बेचना है-** बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट प्लाट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लॉट साईज 375 वर्गफीट कमर्शियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9630083740, 9770676030 **(39238)**

**बेचना है-** 27 खोली रॉयल ऑर्किड के पास, विकास नगर में 2400 वर्गफीट एवं शिक्षक कॉलोनी उस्लापुर स्टेशन के नजदीक 2400 वर्गफीट का प्लॉट बेचना है (दोनों प्लॉट 40×60) सम्पर्क करें- 8770523386 **(39242)**

**बेचना है-** बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK स्वतंत्र मकान बेचना है (फाइनेंस सुविधा उपलब्ध) संपर्कः- 6265041277, 8461997770 **(383)**

**बेचना है-** सैदा मेन रोड में 30 डिसमिल 95 का फ्रंट, खसरा नम्बर 18/1, मुख्य मार्ग से लगा सकरी रायपुर बाईपास से 300 मीटर दूर स्थित कॉमर्शियल प्लाट। सम्पर्क करें- 90093 73639, 9425569242 **(39212)**

## टैक्स कंसलटेंट

**टैक्स कंसलटेंट-** इनकम टैक्स, जीएसटी, गुमास्ता, डायवर्शन, अकाउंटिंग, एमएसएमई पंजीयन, फूड लाइसेन्स, लीगल कंसल्टेन्सी इत्यादि कार्यों हेतु सम्पर्क करें- सुयश अग्रवाल टैक्स कंसलटेंट, सेकेण्ड फ्लोर मुल्कराज कॉम्प्लेक्स व्यापार विहार बिलासपुर 90091 01660, 9244068285 **(39185)**

## वाहन बेचना है

**वाहन बेचना है**
अशोक लीलैंड डाला बॉडी गाड़ियां बेचना है
2018 मॉडल BS 4 - 14 चक्का
2020 मॉडल BS 4 - 16 चक्का
2021 मॉडल BS 6 - 16 चक्का
2022 मॉडल BS 6 - 16 चक्का
संपर्क करें - सजल सरकार 9303907960 8435642826

## किराया

**किराया-** 22×67 एवं 22×25 की दुकान सीपत रोड, आर.के. पैट्रोल पम्प के सामने कार्यालय, बैंक, व्यापारिक प्रतिष्ठान हेतु किराये पर देना है सम्पर्क करें- 7000360763 **(39234)**

**किराया-** राजीव गांधी चौक के पास रमेश स्टील के पीछे व्यवसायिक परिसर में दूसरे, तीसरे मंजिल में हाल किराये पर देना है कोचिंग,आफिस ट्रेनिग सेन्टर हेतु उपयुक्त। सम्पर्क करें- 9229223243, 83198 88266 **(39231)**

**किराया-** 1000 वर्गफुट हॉल अटैच टॉयलेट, टाइल्स फ्लोरिंग, फॉल्स सीलिंग, सेकण्ड फ्लोर, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक, बिलासपुर में किराए पर देना है कोचिंग, ऑफिस, स्टूडियो, कमर्शियल उपयोग हेतु सम्पर्क करें- 9993067464 **(39225)**

**किराया-** खरमोरा, कोरबा में 700 sft में बना 2 BHK घर नव निर्मित किराए पर देना है. संपर्क करे 9893294680 (RS Yadav मकान न. 61/02) **(6576)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## फायनेंस

**फायनेंस-** महालक्ष्मी फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार की लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन, पर्सनल, लेबर कार्ड, डेयरी फार्म, होम लोन आधारकार्ड पर (50000– 30 लाख तक) (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्कः- 8349203168 **(377)**

**फायनेंस-** jan kalyan योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्कः- 9289384524 **(380)**

**फायनेंस-** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट मो. 8168338503, 8168328503 **(382)**


**सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# इटली ने लगातार तीसरी बार जीता डेविस कप, स्पेन को हराकर बादशाहत रखी बरकरार


मैटियो बेरेटिनी

एजेंसी ▶▶| बोलोग्ना

इटली ने यानिक सिनर की अनुपस्थिति के बावजूद स्पेन को हराकर लगातार तीसरी बार डेविस कप का खिताब जीता और इस तरह से इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत बरकरार रखी। सिनर की अनुपस्थिति में मैटियो बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली इटली के लिए स्टार रहे।

इन दोनों ने अपने एकल मैच जीतकर इटली को फाइनल में स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। यह इटली का लगातार तीसरा और कुल चौथा डेविस कप खिताब है। लगातार तीन खिताब जीतने वाला आखिरी देश अमेरिका था, जिसने 1968 से 1972 तक लगातार पांच खिताब जीते थे।

- सिनर की अनुपस्थिति में बेरेटिनी और कोबोली रहे स्टार
- इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया और सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया था




### सिनर ने नहीं लिया स्पर्धा में भाग

पिछले दो वर्षों में इटली को डेविस कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अगले सत्र की तैयारी के लिए इस बार डेविस कप में भाग नहीं लिया। यही नहीं इटली के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी नहीं खेल रहे थे। इटली को उनकी जरूरत नहीं पड़ी। उसने इस सप्ताह बोलोग्ना के सुपरटेनिस एरेना में अपने तीनों मैच 2-0 से जीते।

### इटली ने पहली बार 1976 में जीता था डेविस कप

इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया तथा सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया। स्पेन भी अपने स्टार खिलाड़ी और विश्व में शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज के बिना खेल रहा था। फाइनल में बेरेटिनी ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-3, 6-4 से हराया। उसके बाद कोबोली ने जौम मुनार को 1-6, 7-6 (5), 7-5 से हराकर इटली की जीत सुनिश्चित की। इटली ने पहली बार 1976 में डेविस कप जीता था। उसके बाद उसने 2023 और 2024 में मलागा में खिताब जीता था। यह पहली बार है जब उसने अपनी धरती पर जीत हासिल की है। छह बार का चैंपियन स्पेन 2019 के बाद पहली बार खिताबी मुकाबले में खेल रहा था।

### डेविस कप की मेजबानी के इच्छुक दिल्ली, कर्नाटक

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल फरवरी में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा और यह मुकाबला हार्डकोर्ट पर ही होने की संभावना है क्योंकि दिल्ली और कर्नाटक दोनों ने मैचों की मेजबानी की इच्छा जताई है। भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप वन में स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर क्वालीफायर में प्रवेश किया। वहीं डच टीम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में अर्जेंटीना ने इसी अंतर से मात दी। क्वालीफायर का पहला दौर छह या सात फरवरी या सात और आठ फरवरी को होगा। ड्रॉ रविवार की शाम को निकाले गए। पिछली बार दोनों टीमों का सामना 2003 में हुआ था जब नीदरलैंड ने भारत को 5- 0 से मात दी थी।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया, तारिक ने लगाई हैट्रिक

**रावलपिंडी।** रहस्यमयी स्पिनर उस्मान तारिक की हैट्रिक की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 69 रन से हराकर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में प्रवेश कर लिया। तारिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे ज़िम्बाब्वे 19 ओवर में 126 रन पर आउट हो गया। पाकिस्तान की यह टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। टूर्नामेंट की तीसरी टीम श्रीलंका है। जिम्बाब्वे के लिए रयान बर्ल ने 49 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने रिचर्ड नगारवा (05) के साथ आखिरी विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। इससे पहले बाबर आजम (74) और साहिबजादा फरहान (63) के अर्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवरों में पांच विकेट पर 195 रन बनाए। फखर जमां ने आखिरी क्षणों में 10 गेंदों पर नाबाद 27 रन की पारी खेली।

### प्रो टी20 लीग खेलेंगे हरभजन और स्टेन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन और हरभजन सिंह तथा दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर शेन वाटसन 26 जनवरी से 4 फरवरी तक गोवा में होने वाली लीजेंड्स प्रो टी20 लीग में आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को लीग आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस लीग में छह फ्रेंचाइजी आधारित टीम और 90 दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिताओं के मुकाबलों का आयोजन 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा।

### हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर, कमिंस की वापसी!



**पर्थ।** ब्रिस्बेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट मैच से बाहर रहेंगे, जो गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, लेकिन टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह सीरीज़ में आगे चलकर अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस अगले हफ़्ते गाबा में वापसी कर सकते हैं। दूसरा टेस्ट 29 दिसंबर से शुरू होगा। हेजलवुड शेफ़ील्ड शील्ड के दौरान हुई हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण पर्थ के पहले मैच से बाहर हो गए थे। वह अपना रिहैब जारी रखने के लिए ब्रिस्बेन में टीम से जुड़ेंगे और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड को उम्मीद है कि वह सीरीज के अंत में उपलब्ध रहेंगे। मैकडॉनल्ड ने कहा कि वह (हेजलवुड) अपने रिहैब के पहले हफ़्ते में काम कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि हमें इस बारे में कोई अपडेट देने की जरूरत है। एक बार जब वह आगे बढ़ेंगे और हमारे पास कुछ अनुमानित समय-सीमाएं होंगी।

## गुवाहाटी टेस्ट : भारतीय बल्लेबाजों का गैर जिम्मेदाराना रवैया, पहली पारी 201 रन पर सिमटी

# भारत को क्लीन स्वीप का खतरा, यानसन का कहर, दक्षिण अफ्रीका के पास 314 रन की लीड

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

कप्तान ऋषभ पंत सहित प्रमुख बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना रवैए से अपने विकेट इनाम में देने के कारण भारतीय टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 201 रन पर सिमट गई, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में मजबूत शिकंजा कसकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अपनी पहली पारी में 489 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 288 रन की बढ़त हासिल की।

उसने भारत को फॉलोऑन देने की बजाय दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना उचित समझा। उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 26 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 314 रन की हो गई है। खराब रोशनी के कारण जब तीसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब एडेन मार्क्रम 12 और रयान रिकलेटन 13 रन पर खेल रहे थे।



### 10 साल बाद हुआ बड़ा कारनामा

मार्को यानसन 19.5 ओवर में 48 रन देकर भारत के 6 बल्लेबाजों का शिकार किया। इसके साथ ही यानसन ने भारतीय सरजमीं पर बड़ा कारनामा कर दिखाया। यानसन भारत की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में 5 या उससे ज्यादा विकेट चटकाने वाले महज चौथे साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज बन गए हैं। यही नहीं, 10 साल बाद भारत में कोई साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज 5 विकेट टेस्ट में हासिल करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले लांस क्लूसनर (1996), डेल स्टेन (2008, 2010) और काइल एबॉट (2015) ने यह बड़ा कारनामा किया था।

### सुंदर -कुलदीप ने जोड़े 8वें विकेट के लिए 72 रन

भारतीय बल्लेबाजों को अपने निचले क्रम के बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 48 रन) और कुलदीप यादव (134 गेंद पर 19 रन) से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने सात विकेट 122 रन पर गिरने के बाद आठवें विकेट के लिए 72 रन जोड़े। उनकी साझेदारी टूटने के बाद भारतीय पारी सिमटने में देर नहीं लगी। यशस्वी जायसवाल (97 गेंदों में 58 रन) ने स्ट्रोक्स से भरपूर अर्धशतक जड़ा, लेकिन हार्मर की एक गेंद ने अचानक उछाल लिया, जिस पर वह गच्चा खा गए और यानसन को कैच दे बैठे। केएल राहुल (22) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। वह भी जायसवाल के साथ 65 रन की साझेदारी के दौरान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन केशव महाराज और हार्मर की दो गेंद ऐसी थी, जिसने सुबह के सत्र का रुख पूरी तरह बदल दिया।

### जायसवाल खास क्लब में शामिल

जायसवाल सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 24 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा 50 से ज़्यादा स्कोर बनाए हैं और 21वीं सदी में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में सिर्फ छह खिलाड़ियों ने यह अनोखी कामयाबी हासिल की है, जिसमें एलिस्टर कुक और केन विलियमसन ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने जनरेशन बदलने के बाद से ऐसा किया है। सचिन तेंदुलकर ने अपने 24वें तक जन्मदिन तक 1989 से 1997 के बीच 29 बार टेस्ट में 50 प्लस का स्कोर किया था।

### यानसन ने 48 रन देकर लिए 6 विकेट

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से मार्को यानसन सबसे सफल गेंदबाज रहे। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में 93 रन बनाने वाले इस तेज गेंदबाज ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने अपने लंबे कद का अच्छा फायदा उठाकर भारतीय बल्लेबाजों को अपनी शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर (64 रन देकर तीन विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया। मार्क्रम ने पांच कैच लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का यानसेन बो हार्मर | 58 | 97 | 7 | 1 |
| राहुल का मारक्रम बो महाराज | 22 | 63 | 2 | 0 |
| सुदर्शन का रिकेल्टन बो हार्मर | 15 | 40 | 2 | 0 |
| जुरेल का महाराज बो यानसेन | 00 | 11 | 0 | 0 |
| पंत का वेरेनबो यानसेन | 07 | 8 | 0 | 1 |
| जडेजा का मारक्रम बो यानसेन | 06 | 18 | 0 | 0 |
| रेड्डी का मारक्रम बो यानसेन | 10 | 18 | 1 | 0 |
| सुंदर का मारक्रम बो हार्मर | 48 | 92 | 2 | 1 |
| यादव का मारक्रम बो यानसेन | 19 | 134 | 3 | 0 |
| बुमराह का वेरेन बो यानसेन | 05 | 25 | 1 | 0 |
| सिराज नाबाद | 02 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09, कुल : 83.5 ओवर में 201/10 रन
**गेंदबाजी :** यानसेन 19.5-5-48-6, मुल्डर 10-5-14-0, महाराज 15-1-39-1, हार्मर 27-6-64-3, मारक्रम 10-1-26-0, मुथुसामी 2-0-2-0

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 13 | 25 | 1 | 0 |
| मारक्रम नाबाद | 12 | 23 | 2 | 0 |

अतिरिक्त: 01, कुल : आठ ओवर में 26 रन
गेंदबाजी: बुमराह 3-0-13-0, सिराज 3-1-8-0, जडेजा 1-0-2-0, कुलदीप 1-0-2-0.

## बधिर ओलंपिक

### प्रांजलि का शानदार प्रदर्शन, जीता दूसरा गोल्ड मेडल, टॉप-5 में भारत

**टोकियो।** भारतीय निशानेबाज प्रांजलि प्रशांत धूमल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जो डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने अभिनव देशवाल के साथ मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण और महिला एयर पिस्टल में रजत पदक जीता था। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन की मोसिना हालिना ने रजत और कोरिया की



जियोन जिवोन ने कांस्य पदक जीता। भारत की एक अन्य खिलाड़ी और महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अनुया प्रसाद चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने 600 में से 573 अंक के नए क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। उन्होंने पिछले वर्ष जर्मनी में विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। अनुया प्रसाद क्वालीफिकेशन में 569 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

### भारतीय निशानेबाजों ने जीते प्रतियोगिता में 16 पदक

प्रांजलि ने फाइनल में 34 अंक बनाए, जो मोसिना से दो अंक ज़्यादा थे, जिन्होंने रजत पदक जीता। जियोन ने 30 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। उन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया। रविवार को अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जो बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का 15वां पदक था। भारतीय निशानेबाजों ने बधिर ओलंपिक में अब तक सात स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित 16 पदक जीते हैं। निशानेबाजी स्पर्धाओं का समापन मंगलवार को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के साथ होगा।

## टेनिस

# 17 से डब्ल्यूटीएल, एक टीम में मेदवेदेव और बोपन्ना



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव और अनुभवी भारतीय रोहन बोपन्ना 17 से 20 दिसंबर तक होने वाली विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के लिए एक ही टीम में खेलेंगे जबकि सुमित नागल उस टीम का हिस्सा हैं, जिसमें दुनिया के पूर्व नंबर छह खिलाड़ी गेल मोनफिल्स शामिल हैं।

निक किर्गियोस और कनाडा के स्टार डेनिस शापोवालोव भी चार टीम की इस फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे। एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले 2025 सत्र में चार टीम में 16 अंतरराष्ट्रीय और भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे। यह टूर्नामेंट तीन सत्र के बाद पहली बार यूएई के बाहर आयोजित हो रहा है। पिछले महीने अल्माटी ओपन का खिताब जीतने वाले दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव मौजूदा चैंपियन गेम चेंजर्स फाल्कन्स के लिए खेलेंगे। टीम में उनके साथ दिग्गज युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और अन्य खिलाड़ी भी होंगे।

### टीमें इस प्रकार

**गेम चेंजर्स फाल्कन्स** : डेनियल मेदवेदेव, रोहन बोपन्ना, मैग्डा लिनेट और सहजा यमलापल्ली।
**वीबी रियल्टी हॉक्स** : डेनिस शापोवालोव, युकी भांबरी, एलिना स्वितोलिना और माया रेवती।
**ऑसी मैवरिक्स काइट्स** : निक किर्गियोस, दक्षिणेश्वर सुरेश, मार्टा कोस्त्युक और अंकिता रैना।
**एओएस ईगल्स** : गेल मोनफिल्स, सुमित नागल, पाउला बडोसा और श्रीवल्ली भामिदिपति।

### टीम को मेदवेदेव के कोर्ट पर दबदबे का फायदा

गेम चेंजर्स फाल्कन्स के अमनदीप सिंह ने कहा, 'टीम को मेदवेदेव के कोर्ट पर दबदबे और बोपन्ना की युगल में विशेषज्ञता का फायदा मिलेगा। मैग्डा और सहजा के आने से टीम में गहराई और विविधता आएगी, जिससे हम आगे एक रोमांचक सत्र की उम्मीद कर रहे हैं।' शापोवालोव पदार्पण कर रहे वीबी रियल्टी हॉक्स की अगुआई करेंगे, जिसमें भारत के युकी भांबरी भी शामिल हैं। विंबलडन 2022 के फाइनल में जगह बनाने वाले किर्गियोस ऑसी मैवरिक्स काइट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। मोनफिल्स और नागल को एओएस ईगल्स टीम में जगह मिली है।

## विलियमसन की न्यूजीलैंड टीम में वापसी, वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेंगे टेस्ट

**वेलिंगटन।** केन विलियमसन को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। विलियमसन जिम्बाब्वे में न्यूजीलैंड की पिछली टेस्ट श्रृंखला और इस सत्र में अब तक सीमित ओवरों के अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाए थे। विलियमसन का न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ सीमित अनुबंध है, जो उन्हें विदेशी लीगों में खेलने की अनुमति देता है, जबकि वे उपलब्ध होने पर न्यूजीलैंड के लिए भी खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'मैदान पर केन की क्षमता से सभी अच्छी तरह से अवगत हैं। उनकी वापसी से हमारी टेस्ट टीम को मजबूती मिलेगी।' तेज गेंदबाज जैक फॉल्क्स, जैकब डफी और ब्लेयर टिकनर को भी टीम में चुना गया है। फॉल्क्स ने अगस्त में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में नौ विकेट लिए थे। टिकनर ने न्यूजीलैंड के लिए आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था। डेरिल मिशेल भी टीम में वापसी कर रहे हैं, जो वेस्ट इंडीज के खिलाफ न्यूजीलैंड की हालिया एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान लगी कमर की चोट से उबर चुके हैं।




# निखिल चौधरी ने ऑस्ट्रेलिया में रचा इतिहास शील्ड में सेंचुरी जड़ने वाले बने पहले भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त है, वहीं एक भारतीय क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित घरेलू प्रतियोगिता शेफील्ड शील्ड में अपने बल्ले से धमाल मचा रहा है। पंजाब की ओर से लिस्ट-ए क्रिकेट खेल चुके निखिल चौधरी ने इतिहास रचते हुए इस सदी में शेफील्ड शील्ड में शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है।

### 163 रनों की धमाकेदार पारी

निखिल चौधरी ने न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ तस्मानिया की ओर से खेलते हुए 163 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत तस्मानिया ने तीसरे दिन देर शाम 8/623 पर घोषित करते हुए 232 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। इससे पहले केलिब ज्वेल ने 102 रन बनाए थे, जबकि 24 नवंबर को टिम वॉर्ड और चौधरी दोनों ने शतक जड़े और टीम का स्कोर शील्ड इतिहास के अपने दूसरे सबसे बड़े टोटल तक पहुंचा दिया।



### दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया तक का सफर

29 साल के चौधरी 2020 में ऑस्ट्रेलिया आए और कोविड-19 महामारी के कारण वहीं फंस गए। बाद में वे ऑस्ट्रेलिया के स्थायी निवासी बने, हालांकि भारतीय नागरिकता उनकी अभी भी बरकरार है। क्वीनसलैंड की क्लब क्रिकेट में उनके प्रदर्शन ने तस्मानिया के असिस्टेंट कोच जेम्स होप्स का ध्यान खींचा, जिनकी सिफारिश पर उन्हें बीबीएल में मौका मिला। पिछले सीजन वे तस्मानिया शिफ्ट हो गए और इस साल उन्हें लिस्ट-ए और फर्स्ट-क्लास दोनों में मौके मिल रहे हैं।

## आज से शुरू सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट

# श्रीकांत और प्रणय को करना होगा कड़ी चुनौती का सामना

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एचएस प्रणय इस सत्र का अंत जीत के साथ करना चाहेंगे लेकिन उन्हें मंगलवार 25 नवंबर से शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जो शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने के लिए तैयार हैं।

इस 240,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता की चमक भी कुछ कम हो गई है, क्योंकि अमेरिकी ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के बाद अंतिम समय में इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। पूर्व चैंपियन श्रीकांत को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता बनकर नई ऊर्जा मिली थी, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाए। अब घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट से उन्हें साल का अंत सकारात्मक तरीके से करने का एक और मौका मिलेगा।





### प्रणय जीत हासिल करने के लिए बेताब

प्रणय भी जीत हासिल करने के लिए बेताब हैं। उन्होंने हाल में जापान मास्टर्स और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन वहां अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वह अब घरेलू दर्शकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत का पहला मुकाबला मीराबा लुवांग मैसनाम से जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त प्रणय का सामना पहले दौर में कविन थंगम से होगा। सभी की निगाहें छठे वरीय थारुण मन्नेपल्ली पर भी होंगी, जो सतीश कुमार करुणाकरण से भिड़ेंगे, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम भी मनराज सिंह के खिलाफ अपने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

### ओकुहारा होगी स्पर्धा में शामिल

महिला एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन जापान की नोजोमी ओकुहारा इस प्रतियोगिता का आकर्षण होगी। भारतीय टीम में शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा शामिल हैं, जो अपने पहले मैच में आकर्षि कश्यप से भिड़ेंगी। तस्नीम मीर का सामना अदिति भट्ट से होगा और अनमोल खरब अपने पहले मैच में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त हिना अकेची से भिड़ेंगी।
विश्व जूनियर रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला अश्मिता चालिहा से होगा। इसके अलावा महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय, तान्या हेमंत, इशरानी बरुआ, मानसी सिंह, श्रियांशी वलीशेट्टी, देविका सिहाग, रक्षिता श्री संतोष रामराज और श्रेया लेले भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।




# 40 एकड़ डायवर्टेड जमीन पर लगा था धान खपाने से पहले पहुंच गई अधिकारियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर तहसील के नेतनागर और भाठनपाली में 40 एकड़ डायवर्टेड जमीन में लगे धान खपाने से पहले अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गई। इससे अवैध तरीके से धान बिक्री करने वाले के मंसूबे पर पानी फिर गया। इस खेत में धान लगा था और कुछ धान की कटाई भी हो गई थी। करीब 500 क्विंटल धान भी मौके पर डंप था। अधिकारियों की टीम ने उसे जब्त कर लिया है। प्रकरण दर्ज कर अधिकारियों को सौंप दिया है। यह कमर्शियल जमीन कोलकाता के किसी गीतांजली प्रायवेट लिमिटेड के नाम पर दर्ज है । संयोग से इसकी जानकारी पुसौर के फूड इंस्पेक्टर को मिल गई तो इसक खुलासा हो गया, नहीं तो लाखों का अवैध धान खप जाता। रायगढ़ जिले मे अवैध तरीके से धान बिक्री करने का खेल सालों से चल रहा है। इसे रोकने की लाख कोशिश की जाती है, लेकिन सफलता नहीं मिलती। इसकी बानगी बीते महीने भर के भीतर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई 3266 क्विंटल करीब एक करोड़ की धान से देखी जा सकती है। ऐसे ही एक ताजा मामला पुसौर ब्लॉक के नेतनागर गांव में सोमवार को सामने आया है। यहां कृषि भूमि को कमर्शियल प्रयोजन के लिए परिवर्तित की गई जमीन में लगे धान खपाने की तैयारी हो गई थी । गनीमत रही कि पुसौर के फूड इंस्पेक्टर चूड़ामणि सिदार को इसकी सूचना मिल गई और राजस्व अधिकारियों की टीम के साथ वहां छापेमारी की गई। मौके पर खेत में धान लगी भी थी और मिंझाई के बाद करीब 500 क्विंटल धान मौके पर डंप भी था। अधिकारियों की टीम ने धान जब्त कर लिया है।

**खास बात**

- 500 क्विंटल धान मौके पर था डंप, बनाया गया जब्ती, दो साल पहले ही यह कृषि जमीन हो चुकी है कमर्शियल में परिवर्तित



**दूसरे के पट्टे में बिक्री करने की थी तैयारी राजस्व और फूड की टीम ने की छापेमारी**

### अधिकारियों ने जैसे बताया

ग्राम नेतनागर एवं भाठनपाली में स्थित लगभग 40 एकड़ व्यावसायिक प्रयोजन के लिए परिवर्तित भूमि में धान लगाकर धान उपार्जन केंद्र में अन्य व्यक्ति के पट्टा में विक्रय करने की तैयारी थी। जिसकी भनक जिला प्रशासन को लगी। जिला प्रशासन के निर्देश पर मुखबिर की सूचना के आधार पर 24 नवंबर को तहसीलदार अनुराधा पटेल, नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा एवं खाद्य निरीक्षक चूड़ामणि सिदार द्वारा दबिश दी गई। मौके पर मंगल साव निवासी ग्राम नेतनागर द्वारा उक्त भूमि में लगभग 500 क्विंटल धान काटकर रखा था जो कि परिवर्तित भूमि में उगाया जाना पाया गया। उक्त धान को किसी अन्य के पट्टे पर खपाए जाता इसके पहले जांच दल द्वारा धान जब्त कर प्रकरण उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। भूमि कोलकाता के किसी गीतांजली प्रायवेट लिमिटेड के नाम पर दर्ज है।

### राजस्व अधिकारियों की रही आंखे बंद

यह जमीन पुसौर तहसील क्षेत्र में आता है। यदि डायवर्सन हुई है तो पुसौर तहसील में ही हुई है। ऐसे में पुसौर राजस्व विभाग को इसकी जानकारी होनी चाहिए थी। जबकि दो साल पहले इस कृषि भूमि को कमर्शियल में परिवर्तित की गई थी। खास बात यह है कि अभी तक उस जमीन पर कोई निर्माण नहीं हुआ है बल्कि खेत ही है, जिसमें अभी धान लगी है। इसके पहले भी इस जमीन पर धान लग रही थी और दूसरे के पट्टे में धान खपाया जा रहा था। सोमवार को इसकी सूचना वहां के फूड इंस्पेक्टर सीएम सिदार को उसके सूत्रों ने दी। इसके बाद वहां दबिश दी गई।

### जब्त किया गया धान

सूचना मिली तो मौके पर जांच के लिए पहुंचे थे। जो भी धान था उसका पंचनामा बनाकर जब्त किया गया है। जिला कार्यालय प्रकरण भेजा गया है। जमीन किसके नाम पर है इसका रिकार्ड देखना पड़ेगा। मौके पर मंगल साव नेतनागर निवासी द्वारा धान काट कर रखा गया था।

**अनुराधा पटेल**, तहसीलदार पुसौर

## बिलासपुर की महिला गई थी मायके, बेटी को लेकर भागा कार चालक

# मासूम बच्ची का अपहरण, नाकेबंदी कर कार चालक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर

बिलासपुर से किराए की कार में सारंगढ़-सरसींवा जिला पहुंची महिला की 4 साल की मासूम बच्ची को लेकर कार चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही हरकत में आई जांजगीर चांपा जिले की पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। बच्ची को सकुशल बरामद करके पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है। घटना भटगांव थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजकिशोर नगर बिलासपुर निवासी सत्यवती सूर्यवंशी अपनी चार साल की बेटी निधियाना को लेकर सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर कार में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरसींवा थाना क्षेत्र के ग्राम टिहलीपाली अपने मायके गई हुई थी, जहां से शाम को वह उसी कार से लौट रही थी। पुलिस के मुताबिक शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वे सलिहाघाट बाजार के पास पहुंचे, जहां चालक ने नास्ता करने की बात कहकर गाड़ी रोकी। इस दौरान सत्यवती को उसने सब्जी खरीदने की सलाह दी। सत्यवती सब्जी-भाजी खरीदने के लिए कार से उतरी



पुलिस के साथ मासूम।



और बेटी को अपना मोबाइल देकर कार में ही बैठा दिया। वह सब्जी लेकर लौटी तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। कार वहां पर नहीं थी। उसने घटना की जानकारी परिजनों व आसपास के लोगों को देते हुए तत्काल थाना पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। कार चालक द्वारा मासूम बच्ची की अपहरण करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल नाकेबंदी करके जांच पड़ताल शुरु की। सूचना पर जांजगीर-चांपा जिले का पुलिस महकमा भी हरकत में आया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के दिशा निर्देशन में तत्काल नाकेबंदी की गई। इसके कुछ ही देर बाद बम्हनीडीह पुलिस ने नाकाबंदी स्थल पर सफेद कलर की उक्त स्विफट कार को पकड़ लिया। मामले में आरोपी कार चालक रतनपुर निवासी रवी पटेल पिता श्रवण पटेल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने भटगांव थाने को इसकी सूचना दी। कुछ ही देर में बच्ची की मां और परिजन भी पहुंच गए। बहरहाल पुलिस इस पूरे मामले में पूछताछ कर रही है।

### किया गया बरामद

सलिहाघाट बिलाईगढ़ क्षेत्र से मासूम बच्ची के अपहरण मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भटगांव पुलिस के हवाले किया गया है। साथ ही बच्ची को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

**-जय कुमार साहू,**
थाना प्रभारी बिर्रा

## मवेशी चराने गई महिला पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**शंकरगढ़।** गांव में मवेशी चरा रही महिला पर भालू ने हमला कर दिया। महिला को गंभीर हालत में शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरथा भुनेश्वरपुर निवासी गुजरी पैकरा आ. देवनाथ पैकरा (56 वर्ष) रविवार को गांव के जंगल के समीप मवेशी चराने गई थी। महिला झाड़ी के समीप बैठी थी तभी भालू ने हमला कर दिया। अचानक भालू के हमला कर देने से महिला शोर मचाने लगी और किसी तरह भालू से बचकर गांव की ओर भागी। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन महिला को तत्काल शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया।

# छात्रा ने की आत्महत्या, स्कूल का प्रिंसिपल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के जशपुर में शर्मनाक घटना सामने आई है। स्कूल के प्रिंसिपल के छेड़छाड़ व हरासमेंट से परेशान एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। मृतका छात्रा के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

यह मामला जशपुर के बगीचा थाना क्षेत्र का है। निजी हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नवमीं की छात्रा पढ़ाई करती थी। नाबालिग छात्रा ने स्कूल की स्टडी रूम में आत्महत्या कर ली थी। छात्रा का शव मिलने के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना बगीचा पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। छात्रा के शव के पास एक



सुसाइड नोट मिला, जिसमें प्रिंसिपल पर छोड़छाड़ व हरासमेंट करने का आरोप लिखा था।

पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर स्कूल के प्रिंसिपल को पकड़ लिया है। प्रिंसिपल से घटना के संबंध में पूछाताछ की जा रही है। साथ ही पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मृतका छात्रा के परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले में आगे की जांच कार्रवाई कर रही है। आरोपी प्रिंसिपल का नाम कुलदीपन टोपनो है। बताया जाता है कि इस निजी स्कूल में बिना अनुमति के हॉस्टल भी खोल दिया गया है इसकी शिकायत होने पर अधिकारियों ने जांच की थी, लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं की गई।

### होगी कड़ी कार्रवाई

आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-शशि मोहन**
एसएसपी

# चिकित्सा प्रतिपूर्ति कर्मचारी का अधिकार, विभागों और अधिकरियों को खास गंभीरता बरतनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक बड़े फैसले में कहा है कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति कर्मचारी का अधिकार है और इसके लिए सभी विभागों और अधिकरियों को खास गंभीरता बरतनी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने यह उम्मीद जताई है कि सभी सरकारी अधिकारी बिना किसी बाधा के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए समय-सारिणी का पालन करेंगे।

यदि कोई अधिकारी इसका पालन नहीं करता है तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा। शासन की ओर से कहा गया है कि इसके लिए सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक अधिकतम 15 दिनों में मेडिकल क्षतिपूर्ति का भुगतान स्थानीय स्तर पर करना आवश्यक होगा। साथ ही राज्य स्तर पर अधिकतम 90 दिनों में इसकी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हाईकोर्ट ने यह आदेश



कोरबा निवासी वीरेन्द्र कुमार मनहर की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता प्राइमरी स्कूल में सहायक शिक्षक (एलबी) के पद पर कार्यरत हैं। उसने भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत यह रिट याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया कि उन्होंने अपने बीमार बेटे को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया था। याचिका में कहा गया कि अपोलो अस्पताल में 12 मई को भर्ती कराया गया और उसे 14 मई 2025 को छुट्टी दे दी गई थी। दायर याचिका में कहा गया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (कोरबा) ने 6 जून को एक प्रमाण पत्र जारी किया। इजिसके अनुसार याचिकाकर्ता ने 88 हजार 14 रुपए का दावा किया। शिक्षा विभाग ने सीजीएचएस दर के अनुसार इसके लिए 68 हजार 380 रुपए स्वीकृत भी कर दिया।

### अधिकारियों की लापरवाही के कारण भटकना पड़ा

राशि स्वीकृत होने के बाद, इसे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कोरबा को भेज दिया गया था, लेकिन अभी तक अधिकारियों की लापरवाही के कारण राशि नहीं मिली। कई बार मांग के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। मजबूर होकर याचिकाकर्ता को रिट याचिका दायर करनी पड़ी।

**इन परीक्षकों की नियुक्ति न्याय व्यवस्था के लिए बहुत ज़रूरी**

# साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति का दूसरा चरण पूरा, हाईकोर्ट ने जल्द प्रक्रिया पूरी करने कहा

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य परीक्षकों की नियुक्ति में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध बढ़ रहे हैं और इन परीक्षकों की नियुक्ति न्याय व्यवस्था के लिए बहुत जरूरी है। अधिकारियों को जल्द से जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया गया है। सरकार की ओर से कहा गया है कि तीन चरणों में इसकी प्रक्रिया की जा रही है। जिसमें से दो चरण लगभग पूरे कर लिए गए। मामले में अब 15 दिसंबर को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा है कि आईटी एक्ट, 2000 के बावजूद साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। इन परीक्षकों की नियुक्ति न्याय व्यवस्था के लिए बहुत जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया को सिर्फ कागजी कार्रवाई न समझा जाए। यह न्याय दिलाने के लिए बहुत जरूरी है। कोर्ट ने अधिकारियों को जल्द से जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यह आम जनता के हित और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। ध्यान रहे कि यह जनहित याचिका शिरिन मालवेयर ने दायर की थी। उन्होंने आईटी एक्ट, 2000 की धारा 79ए के तहत इन परीक्षकों की नियुक्ति की मांग की थी। गौरतलब है कि 6 अक्टूबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने पाया कि नियुक्ति प्रक्रिया का पहला और दूसरा चरण लगभग पूरा हो गया है। इसके साथ ही भारत सरकार ने राज्य सरकार से कुछ सवाल पूछे थे, जिनका जवाब अभी नहीं मिला है। राज्य सरकार के जवाब देने के बाद ही प्रक्रिया तीसरे चरण में बढ़ेगी।




# डायल 112 के लिए 400 वाहनों की खरीदी, जल्द शुरू होगी सुविधा

- शासन की ओर से हाईकोर्ट में जवाब पेश

छत्तीसगढ़ में डायल 112 वाहनों की खस्ता हालत और नए वाहनों को दो साल से खड़ा रखे जाने की मीडिया रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट में चल रही जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस मुख्यालय की ओर से जवाब पेश किया गया। इसमें कहा गया है कि 400 नए वाहनों की खरीदी के साथ ही इसके संचालन के लिए नई एजेंसी की नियुक्ति कर ली गई है। शासन के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया गया है। यह सुविधा जल्द ही प्रदेश में शुरू हो जाएगी।

इससे पहले राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की ओर से कोर्ट में एक शपथपत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमें बताया गया था कि राज्य के सभी जिलों में डायल 112 वाहनों की स्थिति संतोषजनक है और मरम्मत पर कोई धनराशि खर्च नहीं की गई है। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की खंडपीठ ने इसे अधूरा मानते हुए डीजीपी से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। डीजीपी की ओर से पेश शपथपत्र में कहा गया कि, कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, डायल 112 परियोजना का आइटी संचालन सी-डैक को सौंपा गया है। सी-डैक ने नए वाहनों के डिजाइन के लिए आवश्यक तकनीकी विनिर्देश तैयार किए हैं। वाहनों की खरीद और बदलाव गृह विभाग की अनुमति से की गई है। इस पूरी प्रक्रिया में राजकोष को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई। किसी भी वाहन को कोई क्षति नहीं पहुंची है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com